हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 29.8 डिग्री

13 नई डामरीकृत सड़कों का ऐसा हाल, 10 दिन, कहीं...



14 राजीव आवास बांसटाल विवेकानंद नगर...




## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. हेल्थ सेफ्टी इंस्पेक्टर
5. एडवांस डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### हरमीत की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**रायपुर।** भारतमाला प्रोजेक्ट के नाम पर 48 करोड़ रुपए का घोटाला करने के आरोप में जेल में बंद हरमीत सिंह खनूजा ने ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में जमानत आवेदन पेश किया है।



हरमीत की जमानत आवेदन पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। हरमीत ने खुद को निदेशक बताते हुए उसे झूठे आरोप में फंसाने का आरोप लगाया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए ईओडब्ल्यू की जांच में पूरी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया। घोटाले में आरोपी बनाए गए हरमीत सहित अन्य तीन आरोपियों की 29 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### कुत्ते के टायलेट करने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में कुत्ते के टायलेट करने के विवाद में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट की घटना में एक युवक का सिर फूट गया। रंजीत सिंह ने कमलेश तथा उसके अन्य साथियों



के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रंजीत ने पुलिस को बताया कि कमलेश उसके घर के बाहर अपने कुत्ते को टायलेट करा रहा था। मना करने पर कमलेश ने उसके साथ गाली-गलौज कर अपने साथी बुलाकर उनके साथ मारपीट की। बीचबचाव करने आने पर कमलेश तथा उसके साथियों ने रंजीत के बेटे के साथ मारपीट करते हुए उसका सिर फोड़ दिया।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, जीआरपी का आरक्षक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने रायपुर जीआरपी में तैनात आरक्षक को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में



गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जांजगीर-चांपा निवासी महेंद्र सिंह मानसर की शिकायत पर जयकुमार वर्मा को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। जय ने महेंद्र को उसके भाई को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर सात वर्ष पूर्व 2018 में पैसे लिए थे।

पीडब्ल्यूडी ने पीएसएए कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया ठेका

# आठ साल से कबाड़ की तरह डंप स्काईवॉक का रास्ता साफ, ठेका तय, खर्च होंगे 38 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर वासियों के लिए सिरदर्द बन चुका अधूरा स्कॉई वॉक प्रोजेक्ट (फूट ओवरब्रिज) जल्द ही अपने स्वरूप में दिखेगा। इसका निर्माण पूर्ण कराने का फैसला शासन ने ले लिया है। इसके लिए 37 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक की राशि को स्वीकृति भी दी गई है। इस स्वीकृति के बाद लोक निर्माण विभाग ने अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए टेंडर जारी किया था, जिसका ठेका पीएसएए कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर को दिया है। स्कॉई वॉक प्रोजेक्ट पिछले 8 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। भाजपा के शासनकाल में लाए गए इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने के बाद विपक्ष में रही कांग्रेस ने इसके उपयोग पर सवाल उठाते हुए प्रोजेक्ट का विरोध किया था। इसके बाद जैसे ही ⏭ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

### 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण 45 करोड़ हो चुके है खर्च

स्काईवॉक का निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस कार्य में अब तक 45 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं, वहीं 31 करोड़ रुपए पीडब्ल्यूडी के पास राशि जमा है। वैसे तो इस राशि से अधूरा निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था, लेकिन इस राशि में अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए कोई कंपनी ही रूचि नहीं ले रही थी, जिसके कारण पूर्व में निकाले गए टेंडर के दौरान एक भी कंपनी का आवेदन तक नहीं ⏭ शेष पेज 13 पर



### जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग से आंबेडकर अस्पताल गेट तक बनना है स्काईवॉक

स्काईवॉक जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग से अंबेडकर अस्पताल गेट निर्माण किया जा रहा है। इस फूट ओवरब्रिज के बनने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार आएगा। इस ब्रिज के बनने से पैदल चलने वाले यात्रियों को ट्रैफिक से राहत भी मिलेगी। सर्वे रिपोर्ट में बताया गया था, इस मार्ग पर हर दिन करीब 40 हजार लोग पैदल यात्रा करते हैं।

### 2016 में लाया गया था प्रोजेक्ट, 81.69 करोड़ की लागत से बनना था स्काईवॉक

मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के कार्यकाल में वर्ष 2016 में स्काईवॉक प्रोजेक्ट लाया गया था। शहर की बढ़ती आबादी तथा पैदल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। बताया जा रहा है कि शुरुआत में इस प्रोजेक्ट का ठेका लखनऊ की कंपनी मेसर्स जीएस एक्सप्रेस को 42.55 करोड़ रुपए में दिया गया था। इस स्काईवॉक का निर्माण कार्य 8 महीने में पूरा किया जाना था। इसकी कुल लंबाई लगभग 1.470 किलोमीटर थी, वहीं इसमें पहले 10 स्थान पर सीढ़ी, 8 जगहों पर एस्केलेटर और 2 जगह पर लिफ्ट लगाना था। बाद में इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 81.69 करोड़ रुपए हो गई। प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने के साथ अब स्कॉईवॉक में 12 एस्केलेटर, 12 सीढ़ी और जगह लिफ्ट लगेगी।

# युद्ध पर आपत्तिजनक टिप्पणी, चिकित्सक 15 दिनों के लिए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान, 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं' से जोड़कर विवाविद टिप्पणी करना एक चिकित्सक को भारी पड़ गया। डॉक्टर को 15 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। मामला श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज दुर्ग का है। यहां के प्राध्यापक चिकित्सक डॉ.शिवेंद्र सिंह तिवारी ने विवादित बयान अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। इसके बाद से कमेंट सेक्शन में भी लोग आपत्ति दर्ज करा रहे थे। विवाद बढ़ने पर मेडिकल काउंसिल ने महाविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में मामला लिया। तत्पश्चात एक्शन लेते हुए कॉलेज द्वारा प्राध्यापक को 15 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। पोस्ट आपत्तिजनक होने के कारण हम उसका यहां जिक्र नहीं कर रहे हैं।

- मामला श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज का

### कारण बताओ नोटिस जारी

निलंबन के अलावा मेडिकल काउंसिल द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर उपस्थित होने के लिए कहा गया है। थाने में शिकायत फिलहाल नहीं कराई गई है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा चिकित्सक को भेजे गए सस्पेंशन लेटर में कहा गया है कि उनके द्वारा स्वयं को प्रचारित करने के लिए जिस तरह की टिप्पणी की गई है, वो मेडिकल प्रोफेशनल के लिए किसी भी रूप में उचित नहीं है। डॉ.राकेश गुप्ता ने बताया, मेडिकल काउंसिल द्वारा उक्त मामले की जानकारी महाविद्यालय प्रबंधन को दी गई थी। इसके बाद यह कार्रवाई हुई। उन्माद में कई बार भाषा स्तरहीन हो जाती है। सोशल मीडिया में इस तरह के शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# लूट के बाद 'सिंदूर' को ढाल बनाकर बचने की कोशिश, फिर भी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र में 15 दिन पूर्व 30 अप्रैल को समता कालोनी में कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े कलेक्शन एजेंट से लूट की घटना को पुलिस ने सुलझा लिया है। लूट में शामिल पांच बदमाशों को पुलिस ने राजस्थान, रायपुर तथा अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने 15 लाख रुपए जब्त किया है। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की पतासाजी की जा रही है। अन्य बदमाशों के पकड़े जाने पर लूट की रकम की बरामदगी और बढ़ सकती है। पुलिस के आने की भनक लगने पर राजस्थान के बदमाश पाकिस्तान बार्डर के गांव में जाकर छिप गए थे।

- पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 15 लाख रुपए जब्त किए

लूट के आरोप में पुलिस ने मूलतः राजस्थान निवासी भवानी शंकर सारस्वत को रायपुर से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अंबिकापुर से एक अन्य भवानी शंकर सारस्वत उर्फ लालजी, रवि शर्मा, गुनानंद ⏭ शेष पेज 13 पर

### समता कालोनी लूट में शामिल पांच बदमाश गिरफ्तार



### राजस्थान के बदमाशों के साथ बनाई लूट की योजना

रायपुर में रहने वाले भवानी शंकर ने राजस्थान के भवानी शंकर को महावीर द्वारा बगैर किसी सुरक्षा के नियमित बड़ी रकम लाने ले जाने के बारे में जानकारी दी। इसके बाद राजस्थान के भवानी शंकर ने बीकानेर तथा आसपास के क्षेत्र के तीन बदमाशों को हायर किया। साथ ही अंबिकापुर में रहने वाले रवि से संपर्क कर लूट की योजना बनाई।

### रैकी करने के बाद की लूट

लूट में किसी तरह से कोई चूक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए रायपुर के भवानी शंकर ने महावीर की 15 दिन रैकी की। रैकी करने के बाद उसके रूट के आने-जाने का नक्शा तैयार किया। इसके बाद राजस्थान से आए बदमाश महावीर के साथ लूट करने के बाद उसकी दोपहिया लूटकर साथ ले गए और कुछ दूर जाने के बाद उसकी दोपहिया को लावारिश हालत मे छोड़ दिया तथा लूट की रकम का बंटवारा करने के बाद दूसरे दिन राजस्थान फरार हो गए।

### ऑपरेशन सिंदूर की आड़ में बचने की कोशिश

पुलिस मामले की पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को लूट में राजस्थान गिरोह के होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद आजाद चौक तथा क्राइम ब्रांच की दो अलग-अलग टीम राजस्थान के लिए रवाना की गई। भवानी शंकर को पुलिस के आने की भनक लग गई। इस दौरान पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकत के लिए सबक सिखाने भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा था। राजस्थान के बाड़मेर, फलौदी सहित कई इलाकों में ब्लैक आउट किया गया था। इसका फायदा उठाते हुए बदमाश पुलिस से बचने पाकिस्तान की सरहद से सटे गांव में जाकर छिप गए थे।

ब्रिज के ऊपर से 60 हजार से ज्यादा वाहनों की होती है आवाजाही

# कुम्हारी ब्रिज एक माह के लिए होगा बंद, एक साइड से ही होगा आना-जाना, मतलब जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुम्हारी ओवर ब्रिज का रिपेयरिंग कार्य होने से एक माह के लिए कुम्हारी ओवरब्रिज के एक साइड को बंद कर दिया जाएगा। इसके कारण दुर्ग से रायपुर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ब्रिज रिपेयरिंग का कार्य 19 मई से शुरू किया जाएगा। दुर्ग से रायपुर आने वाले लोगों को सुगमता पूर्वक आवाजाही करने के लिए वैकल्पिक मार्ग का चयन करना होगा। एक माह ⏭ शेष पेज 13 पर

### रात के समय वन-वे हो जाएगा मार्ग

पूरे दिन काम के सिलसिले में दुर्ग से रायपुर आने जाने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। इस वजह से ब्रिज के एक साइड को रात दस बजे तक खुला रखा जाएगा। रात 11 बजे के बाद ब्रिज को वनवे कर दिया जाएगा। दोनों साइड की गाड़ियां बारी-बारी से पार होंगी। दुर्ग से रायपुर आने वाले छोटे वाहन चालक अमलेश्वर के रास्ते रायपुर पहुंच सकते हैं।

### 19 मई से दुर्ग से रायपुर आने वाले ब्रिज के एक साइड से होगी आवाजाही



### इस वजह से एक माह के लिए बंद होगा

पुराने ब्रिज की हालत जर्जर होने की वजह से सस्पेंसन ज्वाइंट का काम किया जाएगा। इसके साथ ही दोनों तरफ के बेयरिंग बदलने का काम किया जाएगा। दोनों तरफ के वाल को पूरी तरह से डिसमेंटल कर नया वाल लगाया जाएगा। इन सब कार्यों को करने एक माह का समय लग जाएगा।



## खबर संक्षेप

### दसवी में 85.9 प्रतिशत के साथ साक्षी कक्षा में प्रथम



**तरपोंगी।** ग्राम सड्डू के होनहार छात्रा साक्षी साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी कक्षा 10वी में 85.9 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता का श्रेय पिता अश्वनी साहू, माता अनिता साहू व शिक्षको को दिया है।

### 52 पौवा शराब जब्त 1 आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र में जमकर अवैध शराब बिक्री की जा रही है। सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा शिकायतें भी अवैध शराब को लेकर की गई है। इसी परिपेक्ष्य में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम तुलसी में एक मकान में दबिश देकर अवैध शराब जप्त किया गया है। आबकारी विभाग ने तुलसी के रंजन लाल जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके घर से 52 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आबकारी टीम में नीलम स्वर्णकार, डीडी पटेल मौजूद थे।

### तिल्दा में सुघर महतारी दिवस आयोजित

**तिल्दा नेवरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आसुघर महतारी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के सभापति रानी सौरभ जैन, डॉ. उमा पैकरा, डॉ. सरोज गंधर्व की उपस्थिति में समस्त गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में स्वयं की देख भाल एवं खान पान संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही समस्त गर्भवती महिलाओं को रानी सौरभ जैन द्वारा प्रोटीन पाउडर का वितरण भी किया गया। सुघर महतारी दिवस का आयोजन मुख्य रूप से खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर गुणवत्ता पूर्ण जांच सुनिश्चित करते हुए संस्थागत प्रसव के माध्यम से जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने की पहल है। ये समस्त आयोजन कलेक्टर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा पहुंची सभापति रानी सौरभ जैन ने अस्पताल में इलाज के लिए आई गर्भवती महिलाओं सहित सभी वार्डो में जाकर मरीजों का हालचाल जाना।उन्होंने मरीजों से बातें की व पूछा कि यहां अस्पताल में कोई दिक्कत तो नहीं, समुचित इलाज हो रहा की नहीं जानकारी ली।

### आत्मानंद स्कूल ताराशिव का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**तिल्दा नेवरा।** डॉ. खूबचंद बघेल शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान वर्षा वर्मा, दूसरा स्थान सचिन सुर रहे। कक्षा आठवीं में प्रथम आरुषि वर्मा रही। विद्यापीठ के शत प्रतिशत परिणाम से शाला परिवार में हर्ष व्याप्त हैं।

### विधायक खुशवंत ने शिक्षा को नवाचार से जोड़ने पर दिया जोर

**आरंग।** गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला भानसोज में प्रारम्भ समर कैंप के प्रथम दिवस केम्प में पहुंचे विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने शिक्षकों को रचनात्मक गतिविधि के संबंध में दिशा-निर्देश दिया। उन्होंव बच्चों को रचनात्मक गतिविधियो को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए शिल्प चित्रकला, मूर्तिकला, कोलाज, संगीत, नृत्य, गायन, वाद्य यंत्र, नाटक, अभिनय नाटक, एकांकी, कहानी, कविता आदि सिखने एवं पत्रकारिता करने व खेल प्रतियोगिताएं, क्विज़, पहेलियां मे भाग लेने प्रेरित किया। इन गतिविधियों से बच्चों को अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एसडीएम आरंग पुष्पेन्द्र शर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, सीएसी धनंजय साहू, चन्द्रशेखर साहू, उपसरपंच संजीव चंद्राकर, अमर मांडले सभापति जनपद सदस्य जितेंद्र मंडले, भूपेश साहू एसएमसी अध्यक्ष भानसोज उमेश धीवर, बबलू बंजारे भुनेश्वर धीवर, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शिविर : समाधान शिविर में 8240 मामलों का हुआ निपटारा

# प्रदेश सरकार समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित: विधायक खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानसोज के प्रांगण में जनपद पंचायत आरंग के तत्वाधान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने जनता से संवाद करते हुए कहा की प्रदेश सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। उन्होंने प्रत्येक शासकीय विभाग को प्राप्त आवेदन एवं उन पर निराकरण की कार्यवाही की जानकारी भी ली और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए, कहा की सुशासन से छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जनमानस को प्रेरित करते हुए कहा की समाधान शिविर में उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ ले एवं जिला प्रशासन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पारदर्शिता, जवाबदेही एवं दक्षता के



### शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

इस अवसर पर हितग्राहियों को स्प्रेयर किट, कृषि सामग्री, आयुष्मान कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, अन्नप्राशन किट, बालिका स्वच्छता किट आदि वितरित किए गए एवं एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा तथा जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी दी की 8124 मांग और 116 शिकायत के आवेदन आए और कुल 8240 आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही की गई।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन, एसएसपी लाल उमेंद् सिंह, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू ने भी शासन प्रशासन की कई जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेने की जानकारी दी एवं शिविर में जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सदस्यगण कृष्णा महेश साहू, रेखा कृपाल यादव, अमर मांडले, राजू मनहरे एवं सरपंचगण जगमोहन बघेल, किरण बाला चेलक, देवकी बाई टंडन, नेहा सोनवानी, नम्रता टंडन, कुलेश्वरी चंद्राकर, हेमलता बंजारे, सरला राघवेंद्र वर्मा, सुभाष चंद्र बंजारे, ज्योति निषाद, संतपाल टंडन, मीना जांगड़े, किरण मल्होत्रा, उपसरपंच व पंचगण आदि अन्य जनप्रतिनिधीगण गोपाल वर्मा, नीरज चंद्राकर, जगमोहन यादव, चंद्रशेखर साहू, कृपाल यादव, मुरली साहू आदि की उपस्थिति रही। साथ ही तहसीलदार विनोद साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, प्रीति मिश्रा, रितु परिहार, एडिशनल सीईओ मारुति राव प्राचार्यगण एस.के. उपरडे, वंदना पाटिल, एस.आर. धृतलहरे, ग्राम सचिव, करारोपण अधिकारी, एडीईओ गण तथा भानसोज, नारा, बड़गांव, तोड़गांव, सिवनी , बकतरा, मालीडीह, डिघारी, बरछा, कुटेशर, खुटेरी, सण्डी, गोढी आदि 13 ग्राम पंचायत के ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## केनाल-फरफौद मार्ग के विकास के लिए सांसद द्वारा 50 लाख स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनपद सदस्य कृष्णा महेश साहू ने मंगलवार को राखी गांव में आयोजित समाधान शिविर के दौरान 23 नवंबर को कच्ची नाली पार को मेंन केनाल से फरफौद तक लगभग 6 से 7 किमी लंबी नाली पार में पक्की सड़क के निर्माण की मांग करते हुए बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर को ज्ञापन सौंपा। जिस पर अग्रवाल ने मनरेगा के अंतर्गत डब्लूबीएम रोड बनाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। कृष्णा महेश साहू ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि इस कच्ची नाली पार के पक्की नहीं होने के कारण 10 से 12 किलोमीटर दूर से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने में 5 किमी अतिरिक्त दूरी समय को लेकर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और जलजमाव के कारण लगभग अनुपयोगी हो जाता है, जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित होती है।

साहू ने कहा कि इस कच्चे मार्ग के पक्की सड़क में बदलने से न केवल विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मार्ग का उपयोग खेती-किसानी के कार्यों में भी होता है, इसलिए इसका निर्माण बहुआयामी लाभ पहुंचाएगा। जनपद सदस्य ने श्री अग्रवाल से मांग की कि बरसात पूर्व इस सड़क के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिल सके।

## पीएमश्री स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुंरा में वर्तमान शिक्षण सत्र के लिए कक्षा पहली के 40 सीटों के लिए लॉटरी निकली गई। पूरी प्रक्रिया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तरफ से प्रतिनिधि राकेश सिंह चन्द्रवंशी, शालaा विकास समिति के अध्यक्ष, नगर पंचायत कुंरा के अध्यक्ष, पालक गण एवम शिक्षकों के समक्ष निष्पक्ष एवम नियमानुसार की गई, जिन बच्चों के नाम लॉटरी में चयन हुए उनके चेहरे पर खुशियां छा गई। पहली में कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमे से 88 आवेदन पात्र थे। सीटो की संख्या सीमित होने के कारण बाकी पालको को मायूस लौटना पड़ा। अन्य कक्षाओं में सीट रिक्त नही है। कक्षा 9वी के रिक्त सीटों पर प्रवेश लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर किया चयन सूची जारी की गई। दाऊ पोषण लाल अंग्रेजी माध्यम के आवेदित बच्चों को प्राथमिकता देते हुए सूची तैयार की गई हैं।

प्राचार्य सुजाता बहल ने सभी चयनित बच्चो को एवम उनके पालको को बधाई दी। निवेदन किया है कि सभी पालक प्रवेश के समय विद्यालय में अपने बच्चे के नाम से एक पौधा लगाए जिसे सभी पलको ने सहर्ष स्वीकार किया। सभी चयनित आवेदको को वांछित दस्तावेज 16 मई तक जमा कर प्रवेश लेना है अन्यथा उनका प्रवेश निरस्त हो जाएगा एवम अन्य आवेदनों को मौका दिया जाएगा।

## नकटी मार्ग स्थित शराब दुकान को स्थानांतरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद निकाय अंतर्गत नकटी मार्ग स्थित शराब दुकान के स्थानांतरण एवं निकाय अंतर्गत खुलेआम शासन-प्रशासन के नाक तले हो रहे अवैध शराब बिक्री पर शीघ्र लगाम लगाए जाने को लेकर क्षेत्रीय पार्षद अधिवक्ता अनुज मिश्रा ने जिला कलेक्टर एवं आबकारी उपयुक्त को दिया ज्ञापन।

घनी आबादी कहे जाने वाले मंदिर हसौद नगर पालिका के नकटी मार्ग स्थित देशी शराब दुकान जहां वर्तमान में विगत दो, से ढाई वर्षों से अंग्रेजी शराब कि बिक्री खुलेआम कि जा रही है,जबकि उपरोक्त शराब भट्टी को कंपोजिट शराब भट्टी का लाइसेंस प्राप्त नहीं है फिर भी नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में बेखौफ नशाखोरी का व्यापार शासन के शह में की जा रही है।

### नियम विरुद्ध चखना दुकानों पर कार्रवाई की मांग

ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए शराब दुकान के लगभग एक किलोमीटर तक रेडी, ढेला, चखना दुकानें खुलने लगी है,जो शासन के शराब दुकान संचालन नियम के विपरीत अवैध ढंग से संचालित हो रही है,इन सभी गतिविधियों के कारण मंदिर हसौद के उक्त शराब दुकान से लगे रहवासियों क्षेत्र विशेष कर वार्ड नं 12 एवं 13 श्रीराम नगर तथा जुन्नाडीह वार्ड नंबर 14 के अधिकांश परिवारों को नशेबाज, शराबियों एवं दारूबाज नशेड़ियों के अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता पार्षद अनुज मिश्रा ने अपने शिकायत में लिखा है कि मंदिर हसौद के उक्त रहवासी स्थान पर शराब दुकान संचालित होने के कारण उक्त क्षेत्र एवं आस-पास के कम उम्र के बच्चे भी शराब सेवन करना प्रारंभ कर दिए है और अधिकांश परिवार अब प्रतिदिन आंतरिक क्लेश-कलह,पारिवारिक लड़ाई-झगड़ा तथा परिवार में अशांति मय जीवन जीने को विवश हो चुके हैं।

## कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन, एमपी के मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के नाम से विवादित बयान को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस का हल्ला-बोल प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में तिल्दा नेवरा नगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए मंत्री का पुतला जलाया गया। उल्लेखनीय है कि एक सभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के मन्त्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी के नाम से जातिगत टिप्पणी की थी। इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे काफी गंभीर बताते हुए देश की बेटी व सेना का अपमान बताते हुए प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करते हुए जगह-जगह एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा व पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में कांग्रेसजन ने हल्लाबोल करते हुए भाजपा व विजय शाह का पुतला दहन किया।वहां से थाने तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। पुलिस थाने पहुंच कर कांग्रेसियों ने थाना में ज्ञापन सौंपते हुए विजय शाह के खिलाफ देशद्रोह,महिला अपमान और साम्प्रदायिकता भंग करने के अपराध का मामला दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवादास टण्डन, अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा, जिला कांग्रेस महामंत्री विजय हरिरामानी, के.कृष्णमूर्ति, मोतीराम हिंदूजा, अजितेश शर्मा,सोनू मार्कण्डे, कैलाश गांधी, प्रकाश मेघानी, प्रशांत गुप्ता, पप्पू नामदेव, गोवर्धन यदु, नीरज राठी, द्वारिका शर्मा, श्याम वाधवा, अमजद खान व अन्य कई कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



## शिविर में 70 मरीजों की नेत्र जांच की गई

**आरंग।** गुरुवार को सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग के संयोजन तथा ग्राम पंचायत गुल्लू तथा ग्राम पंचायत अकोली के तत्वाधान में बाजार चौक गुल्लू व अकोली में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणो ने पहुंचकर नेत्र परीक्षण कराया। शिविर में एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर की टीम पहुंचकर नेत्र परीक्षण किया। मेडीकल टीम से रमेश कुलदीप ने बताया शिविर में दोनों गांव मिलाकर 70 मरीजों ने नेत्र की जांच कराया। जिसमें 30 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 12मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एमजीएम अस्पताल रायपुर, आपरेशन के लिए ले जाया गया। शिविर के आयोजन संयोजन में अहम भूमिका समाजसेवी दिनबंधु पटेल, पीपला फाउंडेशन से महेन्द्र कुमार पटेल, हर्षा साहू सरपंच ग्राम पंचायत गुल्लू, योगेश्वर साहू उपसरपंच, पंचगण अशोक यादव, भुनेश्वर साहू, अरविंद टंडन, धनेश्वर धीवर, हेमराज टंडन, केजूराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत अकोली की अहम भूमिका रही।

## चार विद्यार्थियों ने जिले की टॉप10 सूची में बनाई जगह




**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग से 4 होनहार विद्यार्थियों ने पूर्व माध्यमिक प्रमाण-पत्र परीक्षा में टॉप-10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता के इस दौर मे रायपुर जिले की टॉप 10सूची में अपना नाम दर्ज कराना नगर, विद्यालय और माता-पिता के लिए गौरव का विषय है। जिसमें सुहाना हिरवानी ने दूसरा स्थान, तानिया कोसरिया ने सातवां स्थान, पारख प्रकाश साहू ने नौवां स्थान, यशिका साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर शालेय विकास समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, संस्था प्रमुख यशोदा योगी समस्त शिक्षकगण ने बधाई दी।

## कुर्मी समाज की बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यालय नरदाहा में हुई बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई एवं सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया साथ ही रायपुर राज में हुए दो दिवसीय महाधिवेशन का समीक्षा किया गया। वही इस बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक अनुशासन और सरकारी नीतियों पर चर्चा हुई। केंद्रीय अध्यक्ष ने कई अहम फैसले लेते हुए सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार फैलाने वालों, शिक्षा नीति और समाज के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया। वही बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कहा कि समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर जानबूझकर दुष्प्रचार करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी समाज की अस्थायी सदस्यता रद्द की जाएगी। समाज की मर्यादा तोड़ने वालों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए एक अलग निधि बनाई जाएगी, जिससे योग्य छात्रों को मदद मिल सके। इस दौरान दो बच्चों का आर्थिक मदद किया गया । इस दौरान आईटी सेल प्रभारी भानु प्रताप वर्मा ने समाज के अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों का सर्वेक्षण कर प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस सर्वे का उद्देश्य समाज के सदस्यों की स्थिति को समझना और उनके विकास के लिए योजनाएं बनाना है। बैठक में स्वामी आत्मानंद मेघावी छात्रवृत्ति योजना का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम किए जाने पर समाज ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। इस मुद्दे पर सभी 10 राज प्रधानों, केंद्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने प्रत्येक राज में शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती पर केंद्रीय कार्यालय नरदाहा भवन में समाज के महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा। इनमें छत्रपति शिवाजी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद, अंतराम बरछीहा, तुलाराम परगनिहा और भोला कुर्मी शामिल हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से डॉ. के.के. नायक, रघुनंदन वर्मा, डी.सी. वर्मा, मोती वर्मा, मीना वर्मा, यशवंत वर्मा, जीवराखन वर्मा, शगुन वर्मा, सालिक वर्मा, राम खिलावन वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, हरिराम वर्मा, चिंता राम वर्मा, नीलमणि परगनिहा, चंद्रभामा परगनिहा, सुनीता वर्मा सहित सभी राज प्रधान एवं केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## अस्पताल में मरीजों को किया गया फल वितरण

# हादसे से आहत विधायक ने जन्मदिन नहीं मनाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



क्षेत्र में हाल ही में हुए भीषण सड़क हादसों की श्रृंखला, जिसमें कुल 13 अमूल्य जिंदगियाँ काल के गाल में समा गईं, जिससे विधायक अनुज शर्मा को गहरा शोक पहुँचा। इस मानवीय क्षति की गंभीरता को समझते हुए, विधायक शर्मा ने इस वर्ष अपना जन्मदिन समारोह आयोजित न करने का संवेदनशील निर्णय लिया था। उनका मानना था कि जब क्षेत्र में इतनी बड़ी घटना हुई हो, तो व्यक्तिगत खुशी का प्रदर्शन करना उचित नहीं होगा। उन्होंने सार्वजनिक रूप से मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा जी दिन भर अपने घर पर ही रहे और किसी भी प्रकार के सार्वजनिक आयोजन से दूरी बनाए रखी। इसके बावजूद, विधायक अनुज शर्मा के प्रति अपने स्नेह और सम्मान का प्रदर्शन करते हुए, उनके निष्ठावान कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सादगी और गरिमा का परिचय दिया। वे बड़ी संख्या में विधायक निवास पर एकत्रित हुए और शांत भाव से अपने नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएँ अर्पित कीं। यंहा पर बताना आवश्यक होगा कि इस अवसर पर किसी भी प्रकार का शोर-शराबा या भव्य आयोजन नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं ने केवल मिलकर विधायक शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। विधायक शर्मा ने भी सभी कार्यकर्ताओं का स्नेहपूर्वक अभिवादन स्वीकार किया और उनके इस भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### जनपद अध्यक्ष ने रखा शिव मंदिर में महामृत्युंजय की पूजा

इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन ने विधायक अनुज शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। उन्होंने स्थानीय शिव मंदिर में भगवान शिव की आराधना करते हुए महामृत्युंजय मंत्र का जाप कराया। यह जाप किसी भी अनिष्ट को टालने और स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है। श्रीमती सेन ने बताया कि यह आयोजन उनकी व्यक्तिगत श्रद्धा और विधायक जी के प्रति शुभकामनाओं का प्रतीक है।

### अनुज के जन्मदिन पर कराया भोज



धरसीवां। विधायक अनुज शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर विधानसभा मंडल द्वारा ग्राम सेरीखेरी स्थित सेवा निकेतन आश्रम के दिव्यागों को भोज कराया गया। इस दौरान उनके साथ मंडल के सदस्यों ने आत्मीय संवाद किया। विधानसभा मंडल के अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि आश्रम में रहने वाले लोगों को मिठाइयां भी खिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण अरविंद सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, महामंत्री उमराव साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अर्जुन साहू, मयंक यादव, अवध साहू, प्रावींन साहू, राकेश चैहान, अनिल सिंह व अन्य जन उपस्थित रहे।

### प्रतीक को सीबीएसई 12वीं साइंस में मिला 88 प्रतिशत



**तिल्दा नेवरा।** नगर के प्रतिभाशाली छात्र प्रतीक हरिरामानी ने सीबीएसई 12वीं साइंस स्ट्रीम की परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे नगर का नाम रोशन किया है। प्रतीक ने आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, सेंचुरी सीमेंट, बैकुंठ से अध्ययन किया है। बचपन से ही मेधावी रहे प्रतीक ने हर कक्षा में अपनी मेहनत और लगन से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले, उन्होंने कार्मल स्कूल से 10वीं की पढ़ाई करते हुए बोर्ड परीक्षा में टॉप-5 छात्रों में स्थान बनाकर पुरस्कार प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल व नगर में हर्ष का वातावरण है। शिक्षकगण, सहपाठी और परिजन सभी उनकी सफलता से गौरवान्वित हैं। प्रतीक के पिता विजय हरिरामानी, वरिष्ठ ने बेटे की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप




### शाह को बर्खास्त कर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करें

**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मांग की है मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दायर कर मंत्री पद से बर्खास्त करें। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन बताकर पूरे सैनिकों और राष्ट्र का अपमान किया है। भाजपा का असली चेहरा इससे उजागर हुआ है। जिला कांग्रेस रायपुर के तिल्दा ब्लॉक में कांग्रेसजनों द्वारा विजय शाह का पुतला फूंका गया। वहीं तिल्दा थाना में उनके खिलाफ एफआई आर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान संचार विभाग के पूर्व चेयरमैन शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष देवदास टंडन, लक्ष्मीनारायण वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सोनू मार्कण्डेय, मोती हिंदुजा, सुनील सोनी, आशा यादव, अजितेश शर्मा, प्रकाश मेघानी, विजय हीरामणि, किट्टू नीरज राठी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मंत्री शाह का बयान आपत्तिजनक, सोफिया देश की बेटी, देश का गौरव

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा देश की वीरांगना बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक एवं धार्मिक रंग से युक्त टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह न केवल देश की बेटी, बल्कि देश की गौरव हैं। मंत्री शाह का बयान संविधान की शपथ के विपरीत है। उन्होंने कहा जिस मंत्री ने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, वही यदि महिला अधिकारियों का अपमान करे, तो यह पद के अनुरूप नहीं है। उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जो न्यायपालिका की सजगता का उदाहरण है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया का साहस और समर्पण भारत माता की सेवा में एक स्वर्णिम अध्याय है।

### मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर द्वारा गुरूवार से राजधानी में 5 दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान की शुरूआत की गयी। महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर के निर्देश परस्वच्छ भारत मिशन शाखा ने यह अभियान चलाया। जोन-3 के काली माता वार्ड स्थित हाट बाजार में इस मौके पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गईं। व्यापारियों को गंदगी ना फैलाने और प्लास्टिक उपयोग पर स्पॉट फाइन कार्यवाही की जानकारी दी गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बाजार के लिए पोस्टर लगाए गए। स्थानीय व्यापारियों और आमजनता को कपड़े के थैले उपयोग में लाने के लिए जागरूक किया गया। पहल महिला स्वसहायता समूह के झोला-बैंक में महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैले जनता को वितरित किए गए।

### आयुष्मान कार्ड बनाने वार्डों में शिविर

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के 70 वार्डो में नागरिको की सुविधा के लिये आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में लगाये गये शिविर में महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने पर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिको को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिको का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिये राशन कार्ड अनिवार्य नहीं है केवल आधार कार्ड ले जाकर पंजीयन कराकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# रेरा में नई योजनाओं के पंजीयन की रफ्तार धीमी, अब तक सिर्फ 63 योजनाओं का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। इस साल नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। साढ़े चार माह में महज 63 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी और फरवरी में जहां 11-11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं मार्च में 14, अप्रैल में सबसे ज्यादा 21 और मई में छह नई योजनाओं का पंजीयन हो चुका है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उनमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

## पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाओं का हुआ था पंजीयन




**2022 में बना रिकॉर्ड**

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

## पहले आओ, पहले पाओ नियम में संशोधन को मंजूरी

# निर्णय में संशोधन, उद्योगों को जमीन आवंटन अब बोली के माध्यम से होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को निर्धारित राशि सहित प्राप्त आवेदनों के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन प्राप्त होने के क्रमानुसार भूमि आवंटन अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने पर किया जाता रहा है। राज्य सरकार ने 2015 के इस नियम को दस साल बाद बदलने का निर्णय लिया है। अब उद्योगों को जमीन आवंटन बोली के माध्यम से किए जाने का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट के निर्णय अनुसार अब जरूरतमंद उद्योगों को जमीन का आवंटन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

कैबिनेट ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने एवं भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन करने का निर्णय लिया है। संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आवंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी। औद्योगिक निवेशकों को भूमि आवंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी।

### जरूरतमंद उद्योगों को जमीन का आवंटन होगा पारदर्शी तरीके से



### राजस्व की होगी प्राप्ति

राज्य सरकार के द्वारा नियम बदले जाने पर औद्योगिक क्षेत्र की जमीनों पर राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही निर्धारित अवधि में औरपचारिकताओं को पूर्ति जैसे भू-भाटक और अन्य शुल्कों की राशि का भुगतान न करने के मामले कम होंगे। जिन लोगों को अपना उद्योग लगाना है वह अपने इकाई की स्थापना के अनुसार उन क्षेत्रों में जमीन ले सकेंगे जो उनके लिए उपयुक्त होगी।

### समयसीमा में उद्योग न लगाने पर लगेगी रोक

प्रदेश में ऐसे उद्योगपति जिन्होंने विभाग से सब्सिडी दर पर जमीन तो ले ली, लेकिन समय सीमा खत्म होने के बाद भी उत्पादन शुरू नहीं किया है। ऐसी प्रवृत्तियों पर इस संशोधन के बाद रोक लगेगी। अब इस प्रक्रिया से ऐस जरूरतमंद लोग ही आगे आएंगे, जो वास्तव में उद्योग लगाना चाहते हैं। नई उद्योग नीति को लेकर प्रदेश सरकार लगातार निवेश को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में लैंड बैंक और भूमि आवंटन को लेकर कोई परेशानी न हो इसे देखते हुए नियमों में परिवर्तन किया जा रहा है।

### श्रमिक कल्याण को लेकर भी हुए संशोधन

राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। फरवरी में ही इसका अनुमोदन किया गया था। औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### उद्योगों को आकर्षित करने प्रयास

नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद साय सरकार लगातार निवेशक सम्मेलन कर उद्योगों को राज्य में आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति में कई संशोधन किए हैं। संशोधन के माध्यम से उद्योगपतियों को राज्य में अच्छा और पारदर्शी माहौल मिले इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

# बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही डबल इंजन की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई हैं। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई। कांकेर जिले का हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है, इसके बाद बस्तर की सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा है।

- बस्तर के संसाधनों की बंदरबांट के खिलाफ शीघ्र ही बड़ा जन आंदोलन चलायेगी कांग्रेस : बैज

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे, तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया, जो कभी घाटे में नहीं रही, बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। उन्होंने कहा, रमन सिंह की सरकार बस्तर के नागराज पर्वत मोदी के मित्र अदानी को बेचा गया।

### बस्तर के संसाधनों पर नजर

*ग्रामसभा की फर्जी एनओसी लगाई गई, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जांच के बाद आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र की मोदी सरकार को भेजा, लेकिन वह भी आज तक लंबित है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार की बुरी नजर केवल बस्तर के संसाधनों पर है। कांग्रेस पार्टी बस्तर के संसाधनों की बंदरबांट के खिलाफ शीघ्र ही बड़ा जन आंदोलन चलायेगी।*

# चौधरी ने कहा- भूपेश हीनता बोध से ग्रस्त, पाक पर भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर हल्की बयानबाजी यह बताती है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हीनता बोध से ग्रस्त हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को भूपेश बघेल नहीं पचा पा रहे हैं।

श्री चौधरी, ने आयोजन शब्द को लेकर कहा कि 'नागरी प्रचारिणी सभा' के शब्दकोष में 'आयोजन' का अर्थ है किसी कार्य या गतिविधि को सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से करने की प्रक्रिया। इसमें योजना बनाना, संसाधनों का प्रबंधन और कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करना शामिल है।

### जनता ने दिया जवाब

श्री चौधरी ने आगे लिखा कि क्या कांग्रेस नेता यह कहना चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत चला अभियान सुनियोजित नहीं था या अव्यवस्थित था? या सेना ने योजना सही नहीं बनाई थी, संसाधनों का प्रबंधन सेना ने सही नहीं किया? कभी सर्जिकल स्ट्राइक का इसी तरह मजाक बनाते हुए भूपेशजी ने यह कहा था कि 'वहां केवल कौए मरे हैं।' जनता ने उस भद्दे मजाक का माकूल जवाब भी दे दिया उन्हें। हमारे सैनिकों के शौर्य पर सवाल खड़ा करते रहने की परिपाटी बंद होनी चाहिए। यह राजनीति का विषय नहीं है।

# बायो-सीएनजी संयंत्रों को भूमि आबंटन करने कलेक्टरों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को रियायती दर पर दी जाएगी जमीन**

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कैबिनेट के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

### 25 वर्षों की लीज पर भूमि देने करें कार्यवाही

विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# देश के व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बॉयकॉट का आज लेंगे निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




देशभर के व्यापारिक नेता शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित कैट के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बायकाट पर निर्णय लेंगे।

कैट केराष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि कैट ने 16 मई को नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख व्यापारी नेताओं की एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण तुर्की एवं अजरबैजान के साथ व्यापारियों द्वारा सभी वस्तुओं का आयात-निर्यात व्यापार बंद किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

कैट का कहना है कि जो भी देश भारत के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है और देश के व्यापारियों द्वारा अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का यही समय है। सम्मेलन में भारत की सेनाओं के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन एवं ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के व्यापार की हड़पने के खिलाफ भी बड़े निर्णय लिए जाएंगे। इसी कड़ी में गुरुवार को राजधानी स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट एवं छत्तीसगढ़ ट्रेवल्स ट्रेड एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ ट्रेव्ल्स ट्रेड एसोसियेशन के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे। सीजीटीटीए ने कहा कि हम तुर्की और अज़रबेजान की यात्रायों की बुकिंग नहीं करेंगे तथा इन दोनों देशों से व्यापार पर प्रतिबंध में हम कैट का पूर्ण समर्थन करते हैं।

- कैट के अभियान को छत्तीसगढ़ ट्रैवल्स ट्रेड एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन

## छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए है फायदे की खेती, सभी जलवायु क्षेत्र में रहता है जीवित

**इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है**

# वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला, इसकी जड़ से निकलता है तेल, कीमत 15 से 20 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा गुरुवार को बोर्ड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम की अध्यक्षता में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस शामिल हुए। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ व डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने इसके कृषिकरण व इकोनॉमिक लाभ के बारे में विस्तृत व महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। खास बात ये है कि इस पौधे की जड़ों से तेल निकला जाता है। बाजार में इसकी कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर होती है। इसकी खेती छत्तीसगढ़ की जलवायु और यहां के किसानों के लिए काफी अनुकूल है।



### तेल की कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर

*डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर की जड़ बारीक संरचना वाली होने के कारण बहुत मजबूत होती है। यह पहले वर्ष 1 से 4 मीटर गहराई तक बढ़ सकती है। वेटिवर न तो स्टोलन होते है ना ही प्रकंद। इन विशेषताओं के कारण वेटिवर पौधा अत्यधिक सूखा को भी सहन कर सकता है, जो भू-जल संरचना को बनाएं रखने में सहयोग करता है। वेटिवर की तेल में मुख्य रूप से वेटिवेरोल तत्व पाया जाता है। सूखा जड़ का आश्वन के लिए 48 से 78 घंटे लगते हैं। वर्तमान समय में वेटिवर तेल का मूल्य 15 से 20 हजार रुपए प्रति लीटर है।*

### क्या है वेटिवर प्लांट

डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर एक ऐसा प्लांट है, जो सभी जलवायु क्षेत्र में जीवित रहता है तथा वेटिवर में भूजल पुनर्भरण की अद्भुत क्षमता होती है साथ ही वर्षा जल के साथ मिट्टी को पकड़ कर रखती है, जिससे मिट्टी की पोषक तत्व का बहाव कम होता है। परंपरागत रूप से खस घास का उपयोग खेतों व नदी के किनारे किया जाता था लेकिन अब कटाव नियंत्रण की प्राकृतिक विधि के रूप में इसके लाभ पर और अधिक ध्यान दिया जा रहा है। यह घास सूखा प्रतिरोधी, कीट प्रतिरोधी व जल प्रतिरोधी भी है, जो जलवायु परिवर्तन से होने वाले हानि को कम करने में अपनी भूमिका निभाता है। वेटिवर की वर्तमान समय में बहुत से ऐसी किस्में तैयार की गई है, जिससे 10-12 माह में फसल तैयार किया जा रहा है। वेटिवर की 01 एकड़ में 1.5 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। सूखे जड़ के 100 कि.ग्रा. जड़ से 1.5 कि.ग्रा. तेल प्राप्त होता है।

### किसानों को इससे होगा बड़ा फायदा- राव

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने कार्यशाल में बताया कि इस खेती से छत्तीसगढ़ के किसानों के किस तरह फायदा होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में वेटिवर रोपण से स्थानीय किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इनका रोपण अत्यधिक सरल होने के साथ-साथ इनके जड़ों से प्राप्त होने वाला तेल की बाजार मांग व मूल्य अत्यधिक है। पौधा अत्यधिक ही सहनशील होने के कारण यह कम पानी वाले क्षेत्रों में भी आसानी से उग सकता है। इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। इसका सिंथेटिक मोलिक्यूल नहीं होता इसी कारण इसके तेल का उपयोग प्राकृतिक रूप से ही किया जाता है तथा इसलिए इसकी खेती जरूरी है। यह खेती अत्यंत ही सरल व कम देखभाल वाली होती है, इसमें किसी भी प्रकार के उर्वरक एवं खाद की आवश्यकता नहीं होती है। वेटिवर तेल की बाजार मांग एवं मूल्य अधिक है। वेटिवर की अगरबत्ती व ईत्र तथा उद्योगों में मांग अधिक है। औद्योगिक उपयोग में इसके तेल को खस तेल के नाम से जाना जाता है जिसका उपयोग साबुन, औषधि निर्माण व सौंदर्य प्रसाधनों एवं एरोमा उद्योगों में भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष ने मशीन का किया अवलोकन



रायपुर। कृष्णा नगर स्थित कर्माधाम में गुरुवार को तेल निकालने के मशीन का अवलोकन करने तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू पहुंचे। इसी दौरान बोर्ड के अध्यक्ष श्री साहू ने लोगों को तेल मशीन के चालू होने, बीज डालने, फिर तेल निकलने के साथ-साथ खली निकालकर पूरी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने तेल मशीन की उपलब्धता, तेल उत्पादन के लिए कच्चा माल, बीज का प्रबंधन और जनता के बीच, मशीन तथा तेल वितरण पर अपने विचार रखे, जिसकी सभी ने सराहना की। अंत में मां कर्मा मंदिर में आशीर्वाद लेकर आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर सब्सिडी का प्रयास किया जाएगा और जितना मुझसे बन सकते हैं, सहयोग जरूर करूंगा। इसी दौरान विभिन्न जिले से आए जिलाध्यक्षों ने भी तेल मशीन को जिज्ञासा से देखा। शहर जिला साहू संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष नारायण साहू, केशव साहू, तोरण साहू, परमेश्वर साहू ने तेल के महत्ता पर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छग प्रदेश साहू संघ के महासचिव सत्यप्रकाश साहू, जिलाध्यक्ष गरियाबंद नारायण साहू, धमतरी जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा एवं अन्य जिले के जिलाध्यक्ष शामिल हुए।

## निधन

### बुधवारा साहू



रायपुर। पचपेड़ी नाका रायपुर निवासी बुधवारा साहू (80) का 14 मई को निधन हो गया। वे प्रेमलाल साहू, प्यारेलाल, शंभूलाल, शंकरलाल साहू एवं हिरेंद्र कुमार की माता थीं।

# पहली बार गर्मी के सीजन में बिके सवा लाख एसी, गांवों से भी अब ज्यादा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गर्मी का आगाज इस बार तो जनवरी से ही हो गया और इस माह से प्रदेशभर में एसी और कूलर बिकने लगे। एसी के बिकने की रफ्तार फरवरी से तेज हुई और इस बार सीजन में सवा लाख एसी बिक गए। पहली बार गर्मी के सीजन में इतने ज्यादा एसी बिके हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि अब गांवों से भी एसी की बहुत ज्यादा डिमांड आ रही है और ग्रामीण भी एसी खरीद रहे हैं। इस सीजन में एसी और कूलरों का मिलाकर 700 करोड़ का कारोबार हो गया है।

## इस साल कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा होने का अनुमान

### तीन साल में एसी का कारोबार डबल

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल सवा लाख एसी बिके हैं। ऐसे में इस बार 45 हजार एसी बीते साल से ज्यादा बिके। यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो गया है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 35 हजार मान लें तो इस सीजन में करीब चार सौ करोड़ का कारोबार हो गया है। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।



### पांच लाख कूलर बिके

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिके हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रही है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रही है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 5 से 8 हजार में मिल जाते हैं। एक कूलर की औसत कीमत छह हजार मानें, तो सीजन में इसका कारोबार भी तीन सौ करोड़ हो गया है।

एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्य वर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे हैं इसलिए कारोबार में 50 फीसदी तक भी इजाफा हुआ है।

## पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के बीच तालमेल की कमी से जनता के पैसों की बर्बादी

# नई डामरीकृत सड़कों का ऐसा हाल, 10 दिन, कहीं 20-25 दिन बाद ही खोद दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शासकीय कार्यों में जनता के पैसों की बर्बादी किस तरह से होती है, इसके ताजा मामले सामने आए हैं। शहर के कई इलाकों में पिछले महीने ही खराब हो चुकी सड़कों को चकाचक करने के लिए पीडब्ल्यू द्वारा डामरीकरण किया गया था। इन सड़कों को नया रूप मिले कहीं 10 दिन, तो कहीं 20 या 25 दिन ही हुए थे कि इन सड़कों को फिर खोद दिया गया, जिसके कारण सड़कों को बनाने में खर्च हुई राशि भी पानी में बह गई। हरिभूमि ने गुरुवार को शहर के उन इलाकों की पड़ताल की, जहां हाल ही में पुरानी सड़कों को डामरीकरण कर नया रूप दिया गया है। इनमें कई जगहों पर ऐसी सड़क गड्ढों में तब्दील मिली, क्योंकि उन सड़कों पर नल पाइप लाइन सुधारने का काम चल रहा है।





### केस 1

न्यू राजेंद्रनगर में दीपक कालोनी सांई मंदिर से लेकर किशोर माल की ओर जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी थी। इसके कारण बारिश के दिनों में इस मार्ग पर जलभराव होने से आवागमन प्रभावित होता था। इस सड़क को करीब डेढ़ माह पहले नया रूप दिया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस मार्ग पर डामरीकरण का कार्य किया था। यह कार्य पूर्ण होने के करीब 10 दिन बाद ही इस सड़क को खोद दिया गया। सड़क पर दो जगह पर खुदाई की गई है। यह खुदाई नगर निगम अमला द्वारा नल पाइप लाइन लिकेज को ठीक करने के लिए खोदा गया है। इसमें से एक जगह पर खुदाई के बाद उसे मिट्टी से पाटा गया है, वहीं दूसरी जगह पर गुरुवार को भी लीकेज ठीक करने का काम जारी रहा। इस तरह नई सड़क बनने के बाद भी इस मार्ग पर आवागमन करने में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### केस 2

लाखेनगर स्थित ईदगाह भाठा के पास सारथी चौक पर डामरीकरण का कार्य करीब दो माह पहले किया गया था। इस चौक के पास नल पाइप लाइन में लीकेज की समस्या आने से सड़क को फिर खोद दिया गया है। इसे खोदे हुए करीब एक सप्ताह हो चुका है, लेकिन अब तक पाइप लाइन को न सुधारा गया है और न ही गड्ढे को भरकर उसे समतल किया गया है। इस चौक के सामने सड़क के उस पार ईदगाह भाठा की बाउंड्री के बगल में सड़क की ओर कंक्रीटीकरण कर फुटपाथ बनाया गया है। इस फुटपाथ पर चिल्हर सब्जी की दुकानें लगती हैं। इस फुटपाथ को बनाए भी ज्यादा समय नहीं हुआ है और इसका बड़ा हिस्सा तोड़ दिया गया है।

### केबल बिछाने के दौरान पाइप लाइन में लीकेज

शहर में इन दिनों विभिन्न मोबाइल-इंटरनेट नेटवर्क कंपनियों द्वारा अपना नेटवर्क बढ़ाने के लिए भूमिगत केबल बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इन कंपनियों में कई कंपनियां तो नगर निगम से अनुमति बगैर ही केबल बिछाने का काम कर रही हैं। न्यू राजेंद्रनगर में भी निगम के नल पाइल लाइन में आए लीकेज का कारण भी केबल कंपनी ही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के समय में केबल बिछाने का काम किया गया है। केबल बिछाने के लिए सड़क खोदी गई, जिससे नल पाइप लाइन भी फट गई, जिसे निगम द्वारा सुधारा जा रहा है।

### केबल कंपनी के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

न्यू राजेंद्रनगर में निगम से अनुमति लिए बगैर केबल बिछाई गई है। इस दौरान गड्ढे करने से दो जगह पर निगम की पानी की पाइप लाइन फट गई, जिसे सुधारा जा रहा है। इस मामले में केबल कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

- **विवेकानंद दुबे,** कमिश्नर, जोन-10

### चोरी से रात में बिछाई जा रही केबल

मेरे क्षेत्र में चोरी से रात में केबल बिछाई जा रही है। पानी की पाइप लाइन फटने के बाद इसकी शिकायत मेरे पास आई है। इस संबंध में जोन कमिश्नर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

- **सचिन मेघानी, पार्षद,** ले. अरविंद दीक्षित वार्ड

# अगले तीन दिनों तक बदली-बारिश चलेगी तेज हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिणी छत्तीसगढ़ सहित प्रदेश के कुछ अन्य हिस्सों में आने वाले 3 दिनों तक बदली-बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ तेज हवा भी चलेगी। 16 मई तक वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा रह सकती है। राजधानी रायपुर में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं। बंगाल की खाड़ी सहित अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। वर्तमान में एक द्रोणिका उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उससे लगे सिक्किम से दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव

*प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की उतार-चढ़ाव के साथ 19 मई तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उसके बाद अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। गुरुवार को 41.8 डिग्री के साथ बिलासपुर सर्वाधिक गर्म रहा। सबसे कम तापमान 23.8 डिग्री जगदलपुर में रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री कम 41.1 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक 29.3 डिग्री रहा। गुरुवार सुबह तक तोकापाल में 4 सेमी और जगदलपुर में 2 सेमी बारिश हुई।*

### डॉ. रेशम अध्यक्ष और डॉ. राजेंद्र बने उपाध्यक्ष



रायपुर। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन रायपुर टीम की नई कार्यकारिणी समिति का गठन हुआ, जिसमें अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह और उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र झरिया को बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में सचिव डॉ. स्वास्तिक भट्टाचार्य, सहसचिव डॉ. अमित बंजारा, डॉ. रमेश गुज्जर, मीडिया प्रभारी डॉ. शेषनारायण कन्नौजे, डॉ. अरुण तथा डॉ. पीयूष श्रीवास्तव को चुना गया है। नई जेडीए टीम ने गुरुवार को अधिष्ठाता रायपुर डॉ. विवेक चौधरी को अपना पत्र सौंपा, जिसमें नई कार्यकारिणी समिति के गठन संबंधी सूचना दी गई है।

## पेज 11 के शेष

### आठ साल से अधूरे...

कांग्रेस की सरकार आई, इस प्रोजेक्ट पर रोक लगा दी गई। पांच साल तक इस प्रोजेक्ट पर कोई काम नहीं किया गया, जिसके कारण स्काईवॉक जर्जर हो गया। इधर भाजपा की सरकार आने के करीब डेढ़ साल बाद इस प्रोजेक्ट को अब पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है।

**पैदल यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं** - आंबेडकर अस्पताल के मरीज स्काई वॉक से ट्रैफिक में फंसे बिना डीकेएस अस्पताल पहुंच सकेंगे। इसके लिए दोनों अस्पतालों को जोड़ने वाली जगह पर लिफ्ट लगाई जाएगी। स्काई वॉक का एक हिस्सा डीकेएस अस्पताल परिसर में उतरता है। स्काई-वॉक में शास्त्री चौक वाले हिस्से पर रोटरी बनेगी। पूरे चौक पर किसी भी हिस्से में लोग चढ़-उतर सकेंगे। स्लैब के ऊपर टाइल्स और दोनों किनारों पर स्टील की रेलिंग लगाई जाएगी। बारिश और धूप से बचाने के लिए ऊपरी हिस्से में पॉली-कार्बोनेट शीट लगाई जाएगी। इससे आसपास सरकारी दफ्तरों में आने-जाने वालों को राहत मिलेगी।

### 70 प्रतिशत कार्य...

किया गया था। इस अधूरे प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए शासन स्तर पर चर्चा करने के बाद अब 37 करोड़ 75 लाख 70 हजार 662 रुपए की राशि को मंजूरी दी गई है, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने इसका दोबारा टेंडर निकाला था। इस टेंडर में पीएसएए कंस्ट्रक्शन कंपनी ने तय राशि पर काम करने टेंडर भरा था, जिसे स्वीकृति दी गई है। इस तरह यह प्रोजेक्ट अब कुल 82 करोड़ 75 लाख की लागत से पूर्ण होगा।

### लूट के बाद...

प्रजापति, राकेश भार्गव उर्फ कालू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रवि को पुलिस ने अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। रायपुर तथा अंबिकापुर में रहने वाला भवानी शंकर पेशे से कारोबारी है, उसका इलेक्ट्रॉनिक सामान का कारोबार है। बदमाशों ने जिस महावीर शर्मा के साथ लूट की, वो भी मूल रूप से राजस्थाना का रहने वाला है। इस वजह से रायपुर में रहने वाले भवानी शंकर को महावीर द्वारा बड़ी रकम लाने ले जाने के बारे में जानकारी थी।

**लूट 15 लाख से ज्यादा, एफआईआर 4.40 की** - बदमाशों ने महावीर के साथ 15 लाख से ज्यादा की रकम लूट की थी, लेकिन पुलिस में रिपोर्ट महज चार लाख 40 हजार रुपए की लिखाई गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि लूट की रकम ज्यादा थी, तब रिपोर्ट चार लाख 40 हजार रुपए की क्यों लिखाई गई। घटना में शामिल योगेश एवं रामलाल फरार हैं, उनके पकड़े जाने के बाद रकम बरामदगी का आंकड़ा बढ़ जाएगा। सूत्रों के मुताबिक बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से 45 लाख रुपए की लूट की थी।

### कुम्हारी ब्रिज एक माह...

के लिए ब्रिज बंद होने से वाहनों का कितना दबाव बढ़ेगा, इसकी जानकारी जुटाने गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग के साथ ब्रिज निर्माण एजेंसी के अधिकारी तथा रायपुर, दुर्ग का ट्रैफिक पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। ब्रिज निर्माण एजेंसी रिपेयरिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके, इसके लिए ब्रिज को पूरी तरह से बंद करना चाहते थे। ब्रिज के पूरी तरह से बंद होने पर दूसरी तरफ के ब्रिज में वाहनों का दबाव और बढ़ जाता, ऐसे में ट्रैफिक कंट्रोल करने में और परेशानी होती। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने ब्रिज को पूरी तरह से बंद करने असहमति जताई, तब जाकर ब्रिज के एक साइड का रिपेयरिंग होने के बाद दूसरे साइड की रिपेयरिंग करने का निणय लिया गया।

**60 हजार से ज्यादा वाहनों का दबाव**- रायपुर से दुर्ग तथा दुर्ग से रायपुर आवाजाही करने कुम्हारी टोल नाका से होकर नियमित 60 हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है। ऐसे में ब्रिज रिपेयरिंग होने से एक तरफ से 30 हजार के करीब वाहन चालक प्रभावित होंगे। मार्ग पर दबाव बढ़ जाएगा। रायपुर से दुर्ग जाने वाले किसी तरह से प्रभावित नहीं होंगे।

# नदियों का सीना चीर रहे माफिया, तीन सौ खदानें, आधे से ज्यादा में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगभग तीन सौ रेत की खदानें हैं, जिनमें से आधे से ज्यादा खदानों में रेत माफिया का कब्जा है। रेत माफिया इन खदानों में धड़ल्ले से अवैध रूप से न केवल माउंटेन चेन मशीन व पोकलेन मशीनों से उत्खनन करा रहे हैं, बल्कि हर दिन इन खदानों से रेत से भरी हजारों हाईवा एवं ट्रैक्टर गाड़ियां निकालकर परिवहन करा रहे हैं, जिससे माफिया के साथ इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की हर दिन मोटी कमाई हो रही है। वहीं दूसरी ओर शासन को अवैध रूप से चल रही खदानों से रायल्टी नहीं मिलने से हर महीने करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। माफिया का प्रदेश में इस कदर से दबदबा है कि अब उनके कारोबार में रोक या बाधा उत्पन्न करने वालों की जान लेने से भी नहीं चूक रहे हैं। बलरामपुर जिले के ग्राम लिबरा में हुई घटना इसका बड़ा उदाहरण है, जहां अवैध खनन को रोकने पहुंची पुलिस टीम के एक कांस्टेबल की माफिया के लोगों ने ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी। इससे पता चलता है कि प्रदेश में रेत माफिया के हौसले कितने बढ़ चुके हैं। माफिया का यह हौसला ही है कि अब वे नदियों का सीना चीरकर रेत बाहर निकाल रहे हैं।



### 80 प्रतिशत रेत के भंडारण अवैध

प्रदेश के जिन जिलों में रेत की खदानें संचालित हैं, उनमें ज्यादातर खदानों के आसपास रेत का भंडारण भी किया जा रहा है। यह भंडारण नदी के किनारे से लेकर उसके आसपास के गांव तक किए जा रहे हैं। रेत का भंडारण करने के लिए भी विभाग से अनुबंध होता है, जिसके लिए गाइड लाइन भी निर्धारित है। इसके तहत ही रेत का भंडारण करना होता है, लेकिन वैध खदानों में भी भंडारण की गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा निर्धारित भंडारण की मात्रा से हजारों-लाखों घन मीटर अधिक मात्रा में रेत का भंडारण किया जा रहा है। वैध खदानों के साथ अवैध रूप से चल रही खदानों में भी रेत का जमकर भंडारण किया जा रहा है।

### बारिश में बिकेगी दोगुनी कीमत पर

आगामी जून से बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। बारिश के हर सीजन में खदानों पर एनजीटी द्वारा उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया जाता है। यह प्रतिबंध 15 जून से 15 अक्टूबर तक लगाया जाता है। इसे देखते हुए वैध रूप से संचालित खदानों के ठेकेदारों सहित रेत माफिया इन दिनों रेत का जमकर भंडारण कर रहे हैं, ताकि बारिश के दिनों में इसी रेत को दोगुनी तथा उससे अधिक कीमत पर बेचकर जमकर मुनाफा कमा सकें। गर्मी के सीजन में रेत की कीमत अभी 13 हजार से लेकर 15 हजार हाईवा है। बारिश के सीजन में खदानों में उत्खनन पर रोक लगते ही इसी रेत की कीमत 25 हजार से लेकर 35 हजार रुपए तक पहुंच जाती है। पिछले वर्ष मीडियम रेत 28 हजार एवं बारीक रेत 35 हजार रुपए हाईवा तक बिकी है।

### नदियों के बीच-बीच में रैंप बनाकर गाड़ी-मशीनों को उतारा जा रहा

माफिया के हौसले इस कदर से बढ़े हुए हैं कि वे अब नदियों का सीना तक चीर कर रेत को मशीनों से बाहर निकवा रहे हैं। रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बलरामपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में जहां-जहां से नदियां गुजरी हुई हैं, उन जिलों में माफिया अपने लोगों के साथ गाड़ी और मशीनों को नदी के बीच उतरवा रहे हैं। इसके लिए बाकायदा उन लोगों द्वारा अस्थाई रैंप भी बनवाए जा रहे हैं, ताकि रेत का आसानी से खनन और परिवहन किया जा सके।

**// ईश्तहार //**

**पत्र.क्र./19624/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2025 रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामंतरण प्र.क्र. 19624**
**वार्ड का नाम-50- रानी दुर्गावती**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR445D00544 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SOMA GHOSH पिता/ पति श्री/श्रीमती VISHWARUP GHOSH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती Dhiraj Prasad Mishra पिता/ पति श्री/श्रीमती S/O Ramesh Prasad Mishra ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करे।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर**
**// आम सूचना //**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार दिवाकर पिता दयाराम दिवाकर निवासी ग्राम सकरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम सकरी प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 163/1 रकबा 0.0120 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञा./ रा.प्र.क्र. ...... रायपुर के आदेश दिनांक 08.04.2025 के परिपालन में दिनांक 28.05.2025 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, सेरीखेड़ी**

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2097 दिनांक 16.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - एच. आई.जी - 11/736 को श्री जे. आर. ठाकुर पिता श्री पी. आर. ठाकुर के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 03.06.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री जे. आर. ठाकुर पिता श्री पी. आर. ठाकुर, निवासी : - डी -14, इन्द्रा विहार एस. ई. सी. एल. कॉलोनी, सीपत रोड़, सेतु निगम के पास, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवनं को क्रेता श्री कोमल कुमार चन्द्राकर पिता श्री कंवला राम चन्द्राकर, निवासी :- हाउस नं. 44 / 1, शंकर मंदिर चौक, ग्राम कोडापुरी, पंडरिया, कोदपुरी, कवर्धा, नानापुरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच. आई.जी - 11/736 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1091 दिनांक 31.10.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक–एम. आई.जी. - I फ्लैट, मीड - तल- 07/303 को श्री उमाकांत पटेल पिता श्री कमल नयन पटेल के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.11.2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री उमाकांत पटेल पिता श्री कमल नयन पटेल निवासीः - 32, रवि नागर, कैनाल लिंकिंग रोड़, ऑक्सीजोन, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी पति श्री पुरूषोत्तम सेठी निवासी : - 533, आर.डब्लू.एफ इस्ट कॉलोनी, न्यू बस स्टाप, बैंगलोर कर्नाटका - 560064 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एम.आई.जी. - I फ्लैट, मीड - तल - 07/303 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3607 दिनांक 22.05.2023 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट - 10/009 को श्री प्रज्ञेष उपाध्याय पिता श्री संजय उपाध्याय के नाम पर नामान्तरण किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 09.09.2022 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में श्री प्रज्ञेष उपाध्याय पिता श्री संजय उपाध्याय निवासीः- वार्ड नं. 09, मकान नं. पी3बी - 762, सेक्टर - 27, नवागांव, नवा रायपुर, पोस्ट- राखी, जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता संतोष चन्द्राकर पिता श्री रामनाथ चन्द्राकर निवासी : - 165, भाठा पारा, लखौली, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट - 10/009 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**इश्तिहार**

पत्र क्रं /19708/ न. पा. नि. जोन क्रं- 10/2025
रायपुर, दिनांक 07-05-2025
नामंतरण प्र.क्र. 19708
वार्ड का नाम - 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446O00005 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SHRAVAN KUMAR YADAV पिता / पति श्री श्रीमती LATE. SUKHIRAM YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री। श्रीमती Prakash Chandra Prasad पिता / पति श्री/श्रीमती S/O Ishwar Chandra Prasad ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**"सूचना जारी करे"**
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर) जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## सीमेंट कर्मचारियों को काम पर वापस लेने की मांग

**रायपुर।** जिन श्रमिकों को सीमेंट कंपनी प्रबंधन ने काम पर रखना बंद कर दिया है, उन्हें वापस लेने की मांग छत्तीसगढ़ सीमेंट एवं खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ ने सीमेंट कंपनी प्रबंधन एवं सीओ से की है। श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा पिछले एक वर्ष से एआरईआर एडमिन प्रमुखों से मिलकर एवं लिखित में श्रमिकों की मांग तथा समस्याओं के अलावा संस्थान के संचालन पर चर्चा की जाती रही है, लेकिन श्रमिकों के प्रति उदासीन रवैया अपनाया हुआ है और यूनियन प्रतिनिधियों से भी किसी भी तरह से सकारात्मक चर्चा नहीं की गई है। वर्षों से काम कर रहे श्रमिकों को काम पर रखना बंद कर दिया गया है, जिससे श्रमिक परिवार में भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में यदि अप्रिय स्थिति निर्मित होती है या आंदोलन होता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की ही होगी।

## डीपीएड के परिणाम जारी

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन प्रथम व द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। प्रथम वर्ष में 54 तथा द्वितीय वर्ष में 48 विद्यार्थी शामिल हुए थे। छात्र अपने नतीजे माशिम की वेबसाइट में जाकर देख सकते हैं।

## गिदवानी ने किया नाला सफाई का निरीक्षण



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अरविन्द नगर बस्ती में नाला सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने जोन 4 स्वास्थ्य अमले के सफाई कामगारों से नाला की तत्काल सफाई करवाई। साथ ही बारिश के पूर्व नालों की सुव्यवस्थित तरीके से सफाई करवाने के निर्देश जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर को दिए।

# बार नवापारा को लैपर्ड सफारी बनाने तेंदुआ की गणना, विरोध होने पर कार्य रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन तथा वन्यजीवों की गणना के नाम पर वन अफसर अति उत्साहित होकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में बारनवापारा को लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार डीएफओ तेंदुआ की संख्या का पता लगाने कालेज छात्रों की मदद ले रहे हैं। विरोध होने पर छात्रों को प्रशिक्षण देने के बाद जंगल ले जाने का निर्णय वापस लिया गया।

तेंदुआ संसेस का कार्य 13 से 16 मई तक आयोजित किया गया था। इसके लिए वन्यजीव उत्साही छात्रों का चयन कर 13 मई को बलौदाबाजार बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमियों ने यह कहते हुए विरोध किया कि जंगल में बगैर किसी सुरक्षा के छात्रों को जंगल में ले जाना उचित नहीं है, साथ ही वाइल्ड लाइफ एक्ट का हवाला देते हुए छात्रों को जंगल में ले जाने से रोकने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल सहित अन्य अफसरों को पत्र लिखा गया, तब छात्रों को बारनवापारा के जंगल में ले जाने का निर्णय वापस लिया गया।

### वन्यजीव कर्मियों को गणना में लगाया गया

गर्मियों में जमीन सख्त हो जाती है, ऐसे में वन्यजीवों का पग मार्क मिलना मुश्किल है। ट्रैप कैमरा के माध्यम से वन्यजीवों के बारे में जानकारी मिल सकती है। गर्मी के दिनों में वन्यजीव ज्यादातर समय अपने मांद में रहते हैं। वन्यजीव शाम ढलने के बाद पानी की तलाश में अपनी मांद से निकलते हैं और सुबह सात बजे तक जंगल में विचरण करते हैं। इस बात को देखते हुए वनकर्मियों को लैपर्ड सेंसेस कार्य में लगाया गया है।

### बगैर किसी सुरक्षा के वन्यजीव उत्साही छात्रों को गणना के लिए जंगल ले जाने की थी तैयारी



*हिंसक वन्यजीवों का डेरा :* बारनवापारा में वर्तमान में भालू के साथ हिंसक वन्यजीवों में तेंदुआ तथा बायसन बहुतायत में हैं। बगैर सुरक्षा के तेंदुआ की गणना करने छात्रों को जंगल में ले जाए जाने पर उनका हिंसक वन्यजीवों से आमना सामना होने का खतरा है। इस बात को लेकर भी वन्यजीव प्रेमियों ने लैपर्ड सेंसेस का विरोध किया था। क्षेत्र में शिकार की घटनाएं आम हैं, ऐसे में जंगल के किस भाग में किन-किन प्रजातियों के वन्यजीव हैं, इस बात की जानकारी शिकारियों तक आसानी से पहुंच सकती है।

*तीन दिन में संख्या का कैसे अनुमान :* तेंदुआ की गणना बाघों की तरह चार फेस में होती है। इसमें ट्रैप कैमरा लगाने के साथ कई अन्य तकनीकी का उपयोग किया जाता है। गणना का काम एक्सपर्ट द्वारा किया जाती है। जानकारों ने एक दिन के प्रशिक्षण में छात्रों के प्रशिक्षित होने पर सवाल उठाते हुए तेंदुआ सेंसेस का विरोध किया। हर फेस में गणना का कार्य 25 दिन का होता है।

### लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा सकता है

बारनवापारा में तेंदुआ की संख्या ज्यादा होने की वजह से इसे लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए क्षेत्र में कितनी संख्या में तेंदुआ हैं, इसकी गणना की जा रही है। वन्यजीव उत्साही कालेज छात्रों को गणना के लिए प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया था।

\- **धम्मशील गणवीर**, डीएफओ, बलौदाबाजार वनमंडल

### छात्रों को ले जाना किसी भी तरह से उचित नहीं

बगैर सुरक्षा के तेंदुआ की गणना कराने कालेज छात्रों को ले जाना किसी भी तरह से उचित नहीं है। बारनवापारा में आए दिन शिकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे में शिकारियों को वन्यजीवों की जानकारी आसानी से मिल सकती है, इससे शिकार की घटनाएं कम होने के बजाय बढ़ सकती हैं। - **नितिन सिंघवी**, वन्यजीव प्रेमी

## नलकूप सूखने, नलों की धार पतली होने की रही शिकायत

# राजीव आवास बांसटाल, विवेकानंद नगर छोटापारा और ब्राह्मणपारा में जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम के जोन 4 के 7 वार्डों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 1413 आवेदनों, 1203 मांगों और 210 शिकायतों का समाधान कराया गया।

बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में आयोजित शिविर में मौलाना अब्दुल वार्ड पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर शिकायतकर्ताओं के साथ खाली मटका लेकर जलसंकट के प्रति ध्यान आकर्षित कराने पहुंचीं। उनका कहना है कि बांस टाल स्थित राजीव आवास, धोबी गली, छोटापारा, नेहरू नगर, विवेकानंद नगर में पानी की भारी किल्लत है। कुछ जगहों पर नलों से गंदा पानी आ रहा है। डेढ़ माह पहले इसकी शिकायत की, पर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। वहीं ब्राम्हणपारा वार्ड के अवधिया पारा, पंचपथपारा में नलों से लो प्रेशर की शिकायत की गयी। इंडोर स्टेडियम में लगाये गए समाधान शिविर में पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर ने खाली मटका दिखाकर निगम प्रशासन से सवाल किया कि जब समस्याओं का धरातल पर समाधान ही नहीं होता, तो बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर समाधान शिविर आयोजित करने का क्या फायदा? उन्होंने बताया कि मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड से 32 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं, जिसमें से सही ढंग से समस्या समाधान नहीं हुआ है। परिसीमन के बाद उनके क्षेत्र का घनत्व बढ़ा है, पर सफाई कर्मचारियों की संख्या और भी कम कर दी गयी है। यह कहां का सुशासन है।





### जलसंकट समस्या का गंभीरता से करें समाधान : मीनल

महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ब्राम्हणपारा, सदरबाजार सहित अन्य स्थानों पर जलसंकट की समस्या का गंभीरता से समाधान कमरे में बैठकर नहीं, फील्ड में जाकर करें। नगर निगम रायपुर आम जनता की समस्याओं का समाधान करने संकल्पित है। महापौर ने अमृत मिशन और 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के व्यवस्था में शीघ्र सुधार लाकर नागरिकों को गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराने की हिदायत दी। शिविर में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, संजना हियाल, पार्षद अजय साहू उपायुक्त प्रीति सिंह उपस्थित रहीं।

### सभापति, एमआईसी मेंबरों के वार्ड में टैंकर से जल आपूर्ति : आकाश तिवारी



सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में लगाये गये समाधान शिविर में पहुंचकर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने आम जनता से संवाद किया। शहर में जल संकट की समस्या पर उन्होंने सभापति सूर्यकांत राठौर और एमआईसी मेंबरों के वार्डों में टैंकर से जल आपूर्ति पर सवाल उठाये। आकाश तिवारी ने कहा ऐसा क्या हुआ कि पिछले साल 50 टैंकरों से जल आपूर्ति होती थी, वहीं इस साल 100 से 150 ट्रिप पानी टैंकर की आवश्यकता हो रही है। निगम के बजट सत्र में उन्होंने यह सवाल सदन में उठाया था कि गर्मी के मौसम को देखते हुए फुंडहर और लभांडी में बनाई गयी 2 नई पानी टंकियों में राइजिंग लाइन का कार्य जल्द शुरू कराया जाए। इसकी अनदेखी का खामियाजा जनता भुगत रही है। शिविर के विभिन्न स्टालों पर जाकर उन्होंने कार्यों की जानकारी ली।

## 5 साल का टूटा रिकार्ड

# नगर निगम के राजस्व अमले ने की 314 करोड़ की रिकार्ड राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में 42 करोड़ का यूजर्स चार्ज जमा

नगर निगम के राजस्व महकमे ने राजस्व वसूली के मामले में पिछले 5 साल के राजस्व वसूली का रिकार्ड तोड़ दिया है। यह पहला मौका है, जब राजस्व महकमे द्वारा 314 करोड़ की राजस्व वसूली की गयी है। वहीं यूजर चार्ज कलेक्शन के एवज में 82 फीसदी राशि की वसूली दर्ज की गयी है। यह राशि 42 करोड़ रुपये से अधिक है।

रायपुर नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 314 करोड़ की राजस्व वसूली कर पिछले वित्तीय वर्ष के 285 करोड़ की राजस्व वसूली से 29 करोड़ रुपये ज्यादा की राजस्व वसूली की है। पिछले बार डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के रूप में 30 करोड़ 86 लाख रुपये यूजर चार्ज के रूप में जमा हुए, जबकि इस बार यह आंकड़ा 42 करोड़ से भी ज्यादा है। यानी 12 करोड़ रुपये यूजर चार्ज के रूप में ज्यादा मिले हैं, जबकि इस बार राजस्व महकमे की पहले लोकसभा चुनाव में 3 माह तक व्यस्तता रही। इसके बाद अगस्त से अक्टूबर तक ओबीसी सर्वे के कार्य में ड्यूटी लगायी गयी। इसके बाद 15 फरवरी तक नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड परिसीमन, सर्वे, वार्ड विभाजन के कार्य के साथ मतदाता सूची आनलाइन कार्य में सेवा देनी पड़ी।

### 5 साल की राजस्व वसूली पर एक नजर

0 वित्तीय वर्ष 2018-19 : कुल राजस्व वसूली 134 करोड़ 97 लाख रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2019-20 - 139 करोड़ 38 लाख रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2020-21 - 160 करोड़ रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2021-22 - 206 करोड़ 49 लाख रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2022-23 - 223 करोड़ 77 लाख रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2023-24 - 285 करोड़ 61 लाख रुपये
0 वित्तीय वर्ष 2024-25 - 314 करोड़ 64 लाख रुपये

## नई दिल्ली में आईसीएआई की उद्यमिता और सार्वजनिक सेवा समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नई दिल्ली स्थित आईसीएआई भवन (आईटीओ) में गुरुवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई की उद्यमिता और सार्वजनिक सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में पहली बार छत्तीसगढ़ को समिति में प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ, जहां रायपुर के सीए रवि ग्वालानी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि देशभर के युवाओं, विशेषकर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सिविल सेवा (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईएफएस आदि) में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न राज्यों में सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि सिविल सेवा की तैयारी कर रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को वरिष्ठ सदस्यों और सिविल सेवा में चयनित आईसीएआई सदस्यों द्वारा मेंटरशिप प्रदान की जाएगी।

■ टीटीई और यात्रियों की आवाज को भी ऑडियो के रूप में रिकॉर्ड करेगा कैमरा

# ट्रेन में हर चाल पर नजर, 50 टीटीई को मिले बॉडी वॉर्न कैमरे, अब नहीं चलेगी मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

अब ट्रेन में टीटीई और यात्रियों के बीच क्या बातचीत होती है, कैसा बर्ताव होता है, सब कुछ कैमरे में रिकॉर्ड होगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों और टिकट जांच स्टाफ के बीच पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 50 टीटीई को बॉडी वॉर्न कैमरे दिए हैं। इन कैमरों में ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा है, जिससे हर गतिविधि सहेजी जा सकेगी। इस पहल का मकसद ट्रेनों में हो रही शिकायतों पर अंकुश लगाना है।

सोशल मीडिया पर अक्सर टीटीई की बदसलूकी, अवैध वसूली या महिला यात्रियों से दुर्व्यवहार जैसे वीडियो वायरल होते रहते हैं। इन घटनाओं पर एकतरफा कार्रवाई होने के आरोप लगते रहे हैं। कई बार बिना टिकट सफर कर रहे यात्री भी टीटीई से बदतमीजी करते हैं और फिर वीडियो को काट-छांट कर वायरल कर देते हैं। अब ऐसी स्थिति में सच्चाई कैमरे में दर्ज रहेगी और कार्रवाई दोनों पक्षों के साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। रेलवे का मानना है कि इससे न सिर्फ यात्रियों को सुरक्षा का अहसास होगा, बल्कि कर्मचारियों की छवि भी साफ़-सुथरी बनी रहेगी।

### 50 टिकट जांच कर्मचारियों को मिले बॉडी वॉर्न कैमरे, रेल प्रशासन की पारदर्शिता की पहल



### एचडी क्वालिटी में होगी रिकॉर्डिंग

टीटीई को मिले कैमरे एचडी क्वालिटी में वीडियो को रिकार्डिंग करेंगे। इस कैमरे में लेंस लगा होता है, जिसे चारों दिशाओं में घुमाया जा सकता है। यानी किसी भी एंगल से रिकॉर्डिंग हो सकती है। जानकारी के मुताबिक कैमरे का डाटा 15 दिन तक स्टोर हो सकता है। इन कैमरों को जीपीएस, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम और जीपीआरएस जनरल पॉकेट रेडियो सर्विस द्वारा सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जा सकता है।

### कैमरा लगाकर करनी होगी ड्यूटी

रेलवे ने 50 टीटीई को बॉडी वॉर्न कैमरे सौंप दिए हैं और जल्द ही सभी टिकट जांच कर्मचारियों को ये कैमरे मिलेंगे। ये कैमरे टीटीई की शर्ट या कोट की जेब के ऊपर लगाकर ही काम करना होगा। कैमरा न सिर्फ यात्रियों के व्यवहार को वीडियो में कैद करेगा, बल्कि टीटीई की आवाज को भी ऑडियो के रूप में रिकॉर्ड करेगा। खास बात यह है कि ये कैमरे टीटीई के हैंड हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) से इंटरनेट के जरिए जुड़े रहेंगे। किसी भी विवाद या शिकायत की स्थिति में अधिकारी रीयल टाइम में वीडियो और ऑडियो एक्सेस कर सकेंगे। इस पहल से रेलवे में पारदर्शिता बढ़ेगी, विवादों पर सही तरीके से कार्रवाई हो सकेगी और यात्रियों को भी सुरक्षा का विश्वास मिलेगा।

## बिजनेस साइट

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में भावनात्मक कार्यक्रम



**रायपुर।** श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने दुनिया की पहली नर्स मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सेवा एवं समर्पण के आदर्शों को स्मरण करते हुए सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा एवं कात्यायनी शर्मा के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नर्सिंग पेशे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नर्सों को एक-दूसरे के सहयोग में सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अक्षय बैद, डॉ. रंजन पटेल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. नेहा पगारे, डॉ. राधेश्याम चौरसिया, डॉ. सुप्रीति शर्मा, डॉ. असित नायक, डॉ. जागेश विशनदासानी, डॉ. सुषमा नायक, डॉ. अभिजीत सिंह, डॉ. अभिजीत कोहाट, डॉ. रवि गोयल और डॉ. सुश्रीति सिंगल मौजूद रहे।

## मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई परीक्षा में रहा 100% परिणाम




**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल, खम्हरिया ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (सत्र 2024-25) में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय में योग मुरारका ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ तनिषा अग्रवाल और विनम्र अग्रवाल ने 91.8%, कृष्णा जोबनपुत्रा ने 91.4%, जैनम रामपुरिया ने 90% एवं शिवेश शर्मा ने 89% अंक अर्जित किए। वहीं कक्षा 10वीं में शिवांगी झा ने 89.5%, सक्षम पटले ने 88.5%, खुशी निर्मलकर ने 88.33%, प्राची गुप्ता ने 86.5%, देवप्रिया ठाकुर ने 83.83% तथा साक्षी जांगरा ने 83.16% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## अमृत कौर ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी मैथ्स स्ट्रीम में हासिल किए 92 प्रतिशत अंक




**रायपुर।** होलीक्रॉस स्कूल कापा की छात्रा अमृत कौर ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की परीक्षा में मैथ्स स्ट्रीम से 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। अमृत की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। शिक्षकों का कहना है कि अमृत हमेशा से मेहनती और अनुशासित छात्रा रही हैं। उनकी यह सफलता लगन, सतत अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## सोहम अग्रवाल ने 10वीं कक्षा में हासिल किए 95.8% अंक, क्षेत्र में लहराया परचम



**रायपुर।** होली हार्ट्स स्कूल के होनहार छात्र सोहम अग्रवाल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 95.8% अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सोहम की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक और उनके मित्र अत्यंत गर्वित हैं। अमृत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है।

## अकाउंट अपने खाते में एक्सेस कर ट्रेडिंग के नाम से डीमैट अकाउंट खुलवाकर दो करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आजाद चौक थाने में एक युवक ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर दो करोड़ 30 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठगी का शिकार युवक पूर्व में चंडीगढ़ में टेक महिंद्रा में काम करता था। युवक का बड़ा भाई जो आईटी सेक्टक में काम करता है, उसने अपने छोटे भाई को ट्रेडिंग करने पैसे दिए थे। उदया सोसाइटी निवासी गौरव तिवारी ने नीरज केडिया के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अपने भाई के साथ वह ट्रेडिंग करने के सिलसिले में सितंबर 2022 में नीरज से मिला था, तब नीरज ने उसका अपने भाई नवीन के फर्म में रकम निवेश करने डीमैट अकाउंट खुलवाया। नीरज के कहने पर गौरव ने उसके बताए अलग-अलग अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए। गौरव के अनुसार उसे उसके दोस्त के माध्यम से नीरज द्वारा उसके साथ ठगी करने की जानकारी मिली। नीरज ने गौरव के साथ उसकी मां, पिता तथा अन्य के अकाउंट की रकम को ठगी कर अपने लिए इस्तेमाल कर लिया है। इसके बाद गौरव ने बैंक से स्टेटमेंट निकाला, तो उसे अपने अकाउंट से सारे पैसे गायब मिले।

### बगैर जानकारी अकाउंट एक्सेस कर निकाली रकम

अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिलने पर गौरव नीरज के भाई नवीन से मिलने गया, तो उसे पता चला कि उसका तथा अन्य लोगों का खाता नीरज द्वारा ऑपरेट किया जाता है। उन सभी लोगों का अकाउंट नीरज ने उनकी बगैर जानकारी के अपने पास रखकर अपने मोबाइल के माध्यम से ट्रेडिंग कर उनकी जमा पूंजी को उड़ा दिया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

3



ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो...

## एज्यूकेशन लाइव

### उपाधि पाने वाले विद्यार्थी ज्ञान का उपयोग पैकेजिंग में करें तो खुलेंगे कॅरियर के रास्ते



आईजीकेवी में कृषि स्नातकों के लिए इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कॅरियर गाइडेंस, प्लेसमेंट एवं एलुमनी सेल द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग मुंबई के सहयोग से गुरुवार को आयोजन किया गया। "कृषि स्नातकों को पैकेजिंग क्षेत्र में कॅरियर के अवसर विषय पर प्रेरणादायक और इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन कृषि महाविद्यालय रायपुर में किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय पैकेजिंग संस्थान मुंबई अनुसंधान और एवं विकास तथा परामर्श विभाग के संयुक्त निदेशक व प्रमुख डॉ. बादल देवांगन मंचस्थ रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़े पैकेजिंग से संबंधित अनुभव साझा किए। बताया कि कृषि, अभियांत्रिकी और खाद्य प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ज्ञान का उपयोग पैकेजिंग, खाद्य सुरक्षा, कटाई तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में कर सकते हैं।

#### कटाई क्षति को कम करने तवज्जो

इस इंटरैक्टिव सत्र में 120 से अधिक विद्यार्थियों व संकाय मेंबर्स ने भाग लिया। डॉ. देवांगन ने विद्यार्थियों को बताया कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, कटाई क्षति को कम करने और निर्यात के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने में पैकेजिंग की भूमिका खास होती है। विद्यार्थियों को संबंधित शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों और कौशल विकास के अवसर के बारे में जानकारी दी। इससे वे पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार पाने के लिए खुद को और बेहतर बना सकें।

#### कॅरियर बनाने में उपयोगी सिद्ध होगा

समापन सत्र में आईजीकेवी के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने बहुविषयी ज्ञान की महत्ता पर जोर दिया। छात्रों को अपेक्षाकृत कम परिचित, लेकिन संभावनाशील क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए सजग किया। इंटरैक्टिव सत्र में कृषि यूनिवर्सिटी से जुड़े सभी संकायों में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए यह पहली बार विशेष रूप से सत्र चलाया गया। यह सत्र छात्रों के लिए पैकेजिंग और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कॅरियर बनाने में उपयोगी सिद्ध होगा। उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ कई छात्रों ने पैकेजिंग विज्ञान एवं तकनीक में कॅरियर बनाने की ओर उत्साह व्यक्त किया।

# आकार में लोक संस्कृति की गूंजः सबसे बड़े ढोल से सीखेंगे सुर, पीढ़ियों से सहेजी कला से जुड़ेंगे युवा

## विभिन्न विधाओं में ट्रेनिंग, पहली बार छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का प्रशिक्षण भी

संस्कृति विभाग की ओर से 'आकार 2025' का शानदार आगाज गुरुवार को किया गया। लोककला की विभिन्न विधाओं में निपुण प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अलग-अलग विधाओं में रुचि रखने वाले कलाप्रेमी खुद में छिपी प्रतिभा निखारने के लिए अब गुरुओं की अगवाई में नए और बेहतर आर्ट सीखने के लिए समर सीजन का हिस्सा बनने वाले हैं। महंत घासीदास संग्रहालय में शिविर का आयोजन किया गया है।

**रायपुर।** इस वर्ष नाटक, नाचा एवं लोकनृत्य-संगीत, ड्राय फ्लॉवर एवं धान शिल्प, आदिवासी नृत्य, ढोकरा आर्ट, सैंड शिल्प, आदिवासी वाद्ययंत्र विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आकार में पहली बार छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की ट्रेनिंग दी जाएगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य शिल्पकलाओं का प्रचार, पारंपरिक संस्कृति को लोगों के बीच उजागर करना है। पहले दिन उद्घाटन समारोह में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया।

### देश का सबसे बड़ा 100 किलो का ढोल

पिता भजन मंडली के मुखिया होने के कारण घर पर वाद्ययंत्र बचपन से देखने को मिलता रहा। खिलौने खेलने की उम्र में वाद्ययंत्रों से खेलने लगे। 70 के दशक में पहली कमाई से दफड़ा, दमऊ और सिंग बाजा 20 रुपए में खरीदा। वाद्ययंत्रों के प्रशिक्षक 67 वर्षीय रिखी क्षत्रीय ने बताया कि बचपन से वाद्ययंत्रों में रुचि रही है। साल 1982 में आदिवासी लोक संगीत, नृत्य, वेशभूषा और वाद्ययंत्रों पर खोज करने की योजना बनाई, तब लोक संगीत संस्थान द्वारा वाद्ययंत्र खोज में मुख्य रूप से चयनित किया गया। खोज के दौरान ग्रामीण अंचलों में जाकर आदिवासी जनजातियों के वाद्ययंत्रों को जानने का मौका मिला, उस दिन खुद से वादा किया कि आज से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के वाद्ययंत्रों को संग्रहित कर लोगों के बीच प्रचार करूंगा। अभी भिलाई संग्रहालय में 211 प्रकार के वाद्ययंत्र हैं। प्रशिक्षण शिविर में 25 आदिवासी जनजातियों के 55 प्रकार के वाद्ययंत्र प्रदर्शित किए गए हैं, जो मूरिया जनजाति का भौगम ढोल लाया गया है, इसका वजन 100 किलो है, इसे देश का सबसे बड़ा ढोल माना गया है।



### ढोकरा आर्ट से जुड़ा है पूरा परिवार

6-7 पीढ़ियों से ढोकरा आर्ट को समर्पित जीवन, सारंगढ़ के आदिवासी अंचलों में ढोकरा आर्ट प्रसिद्ध है, जहां आदिवासी समुदाय पीढ़ी दर पीढ़ी अपना जीवन ढोकरा आर्ट को समर्पित करता आ रहा है। ऐसा ही दृश्य संस्कृति विभाग के आकार प्रशिक्षण शिविर में देखने को मिला, जहां ढोकरा आर्ट के प्रशिक्षक रंजीत झारा ने बताया कि लगभग 6-7 पीढ़ियों से अधिक हमारा परिवार ढोकरा आर्ट बनाते आ रहा है। यह कला मेरे दादा ने मुझे सौंपी। वर्तमान समय में मेरा पूरा परिवार ढोकरा आर्ट को अपनी आय का साधन बना चुका है। इसे हाथों से तैयार किया जाता है, वहीं एक आर्ट तैयार करने में 1-2 दिन लगते हैं।

### सैंड आर्ट, रेत से पेंटिंग का एक नया स्वरूप

छत्तीसगढ़ में पहली बार सैंड आर्ट बनाने वाले देवानंद पवार की रोचक कहानी है, जिन्होंने कुछ नया करने के उद्देश्य से अपनी सुंदर कैनवास पेंटिंग के ऊपर रंगबिरंगी रंगोली के कलर बिखेर दिए। उस दिन कला का एक नया स्वरूप देखने को मिला। बातचीत में देवानंद ने बताया कि लगभग 15-20 साल से कैनवास पेंटिंग करता आ रहा हूं। सामान्य पेंटिंग के ऊपर रेत बिखेरने के बाद वह एक नए और रोचक स्वरूप में परिवर्तित हो जाती है। आकार में प्रतिभागियों को सैंड आर्ट सीखने का मौका मिलेगा, जिसे थ्री-डी मोड में तैयार किया जाएगा।



### हुनर को बनाया आय का साधन

सरकारी नौकरी के लिए प्रयास में असफल होने के बाद अपने हुनर को आय का साधन बना लिया। 52 साल की उम्र में अब तक 10-15 हजार विद्यार्थियों को ड्राई फ्लॉवर आर्ट एवं धान ज्वेलरी शिल्प का प्रशिक्षण दे चुकी हूं, जिसमें हजार से अधिक युवाओं के आय का साधन शिल्पकला है। प्रशिक्षक नीरजा स्वामी ने बताया कि वे बीते 30 वर्षों से प्रशिक्षण दे रही हैं। छत्तीसगढ़ में धान, जूट की ज्वेलरी बनाने वाली पहली महिला नीरजा ने बताया कि विवाह से पहले धान ज्वेलरी और ड्राय फ्लॉवर से आर्ट बनाना शुरू किया। मेरे प्रेरणाश्रोत चाचाजी है, जिन्होंने अपनी अनोखी कला मुझे सिखाई। राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित नीरजा देश के विभिन्न शहरों में प्रशिक्षण देती हैं। छत्तीसगढ़ की लोककला का बखान करती हैं।

## एज्यूकेशन अलर्ट

### 5 से 23 जून तक होगी आरआरबी एनटीपीसी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा, नोटिस जारी

**रायपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने एनटीपीसी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा की तिथियों का ऐलान कर दिया है। आरआरबी की ओर से जारी ताजा नोटिस के अनुसार, इस परीक्षा की शुरुआत 5 जून से होगी। आरआरबी एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवेल सीबीटी-1 का आयोजन 5 से 23 जून तक 15 दिनों के लिए किया जाएगा। नोटिस आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर और इस खबर में नीचे उपलब्ध है। जिन उम्मीदवारों ने आरआरबी गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (स्नातक) के लिए किया था, वे क्षेत्रीय आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर सीबीटी-1 परीक्षा तिथियों की सूचना देख सकते हैं। परीक्षा शहर और तिथि देखने और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकरण डाउनलोड करने का लिंक परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर लाइव कर दिया जाएगा। ई-कॉल लेटर परीक्षा शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होंगे।

#### कुल 8,113 पदों पर होगी भर्ती

आरआरबी एनटीपीसी संगठन में 8113 स्नातक स्तर के पदों को भरेगा, जिसमें से 1736 रिक्तियां मुख्य वाणिज्यिक सह टिकट पर्यवेक्षक के लिए, 994 रिक्तियां स्टेशन मास्टर के लिए, 3144 रिक्तियां मालगाड़ी प्रबंधक के लिए, 1507 रिक्तियां जूनियर अकाउंट असिस्टेंट सह टाइपिस्ट के लिए और 732 रिक्तियां वरिष्ठ क्लर्क सह टाइपिस्ट के पदों के लिए भरी जाएंगी।

#### इस तरह है परीक्षा पैटर्न

सीबीटी-1 परीक्षा की अवधि 90 मिनट है। कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 40 सामान्य जागरूकता से, 30 गणित सामान्य बुद्धि और तर्क अनुभाग से होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इसमें नकारात्मक अंकन होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटा जाएगा।भर्ती प्रक्रिया में प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (**CBT-I**), द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (**CBT-II**), टाइपिंग कौशल परीक्षा/कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा (जैसा लागू हो) और दस्तावेज सत्यापन/चिकित्सा परीक्षा शामिल होगी। चयन उपर्युक्त भर्ती चरणों के आधार पर योग्यता के अनुसार सख्ती से किया जाता है।

### तकनीकी शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द

छत्तीसगढ़ के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, आर्किटेक्चर एवं फार्मेसी संस्थानों में संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी बीई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग, होटल मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, बी-फार्मा, डी-फार्मा, एम-टेक, एम-फार्मा, एमबीए, एमसीए जैसे विभिन्न कोर्सेस में सीधे एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत विवरण ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल **www.cgdteraipur.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त प्रवेश नियम भी इसी पोर्टल पर देखे जा सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र, पुनर्वास प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र आदि यथाशीघ्र बनवा लें। दस्तावेजों के अभाव में अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर तैयारी करने और निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

# शदाणी दरबार के बाल शिविर, देश-विदेश से बच्चे हो रहे शामिल, सीख रहे संस्कार और आत्मबल

**रायपुर।** शदाणी दरबार तीर्थ में जारी ग्रीष्मकालीन बाल संस्कार शिविर बच्चों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक चेतना के विकास के लिए समर्पित पहल बन चुका है। लगातार 16वें वर्ष आयोजित हो रहे इस शिविर में देश-विदेश से बड़ी संख्या में बच्चे सहभागी बन रहे हैं। इस वर्ष शिविर को हाइब्रिड फॉर्मेट (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में संचालित किया जा रहा है, जिससे भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में रहने वाले बच्चे और संत-महात्मा भी डिजिटल माध्यम से सक्रिय रूप से जुड़ पा रहे हैं। संत डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज का मानना है कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, चरित्र निर्माण और आत्मिक जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य को लेकर शिविर में प्रतिदिन विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा संवाद और प्रेरक सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिन अतिथियों ने बच्चों का मार्गदर्शन किया है, उनमें प्रमुख रूप से लेखवानी, डॉ. अनामिका सिंह, सोनम बत्रा, ज्योति साहू, मुकेश निहाल, प्रतिभा शेरवानी और अमित चिमनानी शामिल हैं। इन्होंने अपने अनुभवों और विचारों के माध्यम से बच्चों में आत्मबल, नैतिकता और जागरूकता के बीज बोए।



### व्यक्तित्व का समवेत विकास सुनिश्चित हो सके

दरबार तीर्थ ने बताया कि शिविर की रूपरेखा बच्चों की आयु, बौद्धिक क्षमता, रुचियों और मानसिक स्तर को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित व संतुलित रूप से तैयार की गई है, जिससे उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का समवेत विकास सुनिश्चित हो सके। यह शिविर न केवल ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक कुशलता जैसे जीवनोपयोगी गुणों का भी विकास करता है। यह शिविर केवल एक ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक जीवंत मिशन है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आदर्श नागरिक बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है।

# हेल्थ को-ऑर्डिनेटर, प्लेसमेंट से विद्यार्थियों को मिली नौकरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में समाजकार्य विभाग में पासआउट छात्रों के लिए हेल्थ को-ऑर्डिनेटर पद हेतु प्लेसमेंट प्रोग्राम रखा गया। प्लेसमेंट प्रोग्राम महाराष्ट्र राज्य के गैरसरकारी संगठन समता फाउंडेशन की ओर से रखा गया था। इस प्लेसमेंट प्रोग्राम में 3 छात्रों का चुनाव इंटरव्यू के माध्यम से किया गया, इस दौरान स्वास्थ्य से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे गए। छात्रों की दक्षता और बायोडाटा के आधार पर उनका सलेक्शन किया गया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने छात्रों की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट प्रोग्राम से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे जॉब के लिए अपने आपको तैयार करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि पास फेल छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है न की हार मानकर रुक जाने के लिए, इसीलिए इस प्रकार के प्लेसमेंट प्रोग्राम समय-समय पर होते रहना चाहिए। प्लेसमेंट प्रोग्राम महाविद्यालय के समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष मो. रफीक और वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक व प्लेसमेंट सेल के अभिनव अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। प्लेसमेंट प्रोग्राम में 20 छात्रों ने हिस्सा लिया था।




## राजधानी में हर शाम चौपाटियों पर उमड़ती है भीड़

# चौपाटियों पर लहसुन-प्याज के तड़के संग अपनेपन का स्वाद, बना फैमिली-फ्रेंड्स कंपनी टाइम बिताने का अड्डा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शाम ढल चुकी हैं, सिटी की चौपाटियों पर सजे फूड स्टॉल के गैस चूल्हों के बर्नर जलने लगे हैं। चाट, दोसे के तवे गर्म हो रहे हैं, गोलगप्पे वाला अपने जीरा-इमली पानी के मटके मं कड़छुल घुमा रहा है, मिक्स होते भेल-खस्ता, मुरमुरे की क्रंची आवाज कानों तक पहुंच रही है, जिससे मुंह में पानी आने लगा है, मोमोस स्टीम हो रहा है तो चाइनीज पकौड़े अभी-अभी तलने के लिए कड़ाई में डाले गए हैं, चाऊमिन फ्राई हो रही है, चीला-फरा, साबूदाने का बड़ा भी बन रहा है। चारों ओर पूरे वातावरण में लहसुन, प्याज, जीरे, हरी मिर्च की छौंक व चाऊमिन-पिज्जा, मैगी मसाले की खुशबू उठ रही है। धीरे-धीरे स्टॉल्स के आसपास रखी खाली कुर्सियां भरने लगी हैं। फूड्स बनने की स्वादिष्ट सुगंध से लोग खिंचे चले आ रहे हैं, जैसे-जैसे शाम अब रात की ओर बढ़ने लगी है, चौपाटियों के लगभग सभी फूड्स स्टॉल पर फैमिली-फ्रेंड्स का जमावड़ा-सा दिखाई पड़ रहा है, लोग अपनों के संग स्वाद लेने में मस्त दिखाई पड़ रहे हैं। यह आंखों देखा नजारा सिटी की प्रमुख तीन चौपाटियों का है, जो शहर में खानपान की तेजी से बदलती तस्वीर को बयां कर रहा है। गर्मी की छुट्टियों में शहर के चौपाटियां एंजॉयमेंट, कंपनी टाइम बिताने फ्रेंड्स व फैमिली का नया अड्डा बन गई हैं। आप यहां बदलते लाइफस्टाइल व आधुनिक शहर का हिस्सा बनना चाहते हैं तो अपने फ्रेंड्स व फैमिली के साथ शाम ढलते ही पहुंचकर स्वाद व अपनेपन को खूब एंजॉय कर सकते हैं। जहां विभिन्न तरह के देशी-विदेशी फास्ट फूड्स, पारंपरिक व्यंजनों का लोग खूब स्वाद ले रहे हैं। शहर की जो प्रमुख चौपाटियां हैं, उनकी लाइव रिपोर्टिंग की तस्वीर कुछ ऐसी है।





### एमजी रोड चौपाटी - रात 8.30 बजे

यहां पर फैमिली व कुछ फ्रेंड्स पिज्जा, बर्गर, सैंडविच, पावभाजी स्टॉल्स पर स्वाद लेते दिखे। दही भल्ला, दाबेली, तंदूरी टिक्का, फिंगर चिप्स, मोमोज, लिट्टी-चोखा समेत अनेक फास्ट फूड्स एवं पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद यहां फूड्स लवर्स को खूब भा रहा है। यहां पर वेज थॉली का भी फूड स्टाल नजर आया। जहां करीब 10 बजे रात तक फैमिली-फ्रेंड्स डिनर एंजॉय करते दिखे।

### शंकर नगर चौपाटी - शाम 5.30 बजे

*शाम 5.30 बजे शंकरनगर चौपाटी पहुंचे तो वहां चाऊमिन का स्टॉल खास लगा। वहां फैमिली-फ्रेंड्स के साथ पहुंचे यूथ, बड़े व छोटे बच्चे खूब स्वाद लेते नजर आए, इसके अलावा गोलगप्पे के स्टॉल पर कुछ लोग हाथों में दोना लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे, पिज्जा, बर्गर, पावभाजी के स्टॉल पर अच्छी-खासी भीड़ दिखी। नीबू, सोडा, आइस्क्रीम, फालूदा के स्टॉल पर भी लोग स्वाद लेते नजर आए।*

### साइंस कॉलेज चौपाटी - शाम 7 बजे

*करीब 7 बजे यहां पर एक साउथ इंडियन स्टॉल पर इडली, इरेसा और सांभरबड़े का स्वाद लेते कुछ परिवार दिखे। इसके अलावा आइस्क्रीम स्टॉल व फास्ट फूड स्टॉल पर आलू टिक्की, पनीर टिक्की का भी खास क्रेज फूड लवर्स में देखने को मिला। वहीं पिज्जा, बर्गर स्टॉल पर बड़ी संख्या में फ्रेंड्स सर्किल एंजॉय करते हुए नजर आए।*

## सिटी इवेंट

# 'स्टाम्प वाली दादी', डाक विभाग ने बच्चों के लिए बनाई लघु फिल्म



**रायपुर।** भारतीय डाक टिकट सिर्फ पत्रों को एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का आधार ही नहीं, बल्कि ज्ञान का खजाना भी है। छोटी उम्र से बच्चे डाक टिकट संग्रहण की आदत डाल लें तो उनके सामान्य ज्ञान में भी अकल्पनीय वृद्धि होगी। कुछ इसी थीम पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल ने 10 मिनट की एक प्रेरक लघु फिल्म महाराष्ट्र मंडल के सहयोग से बनाई है। 'स्टाम्प वाली दादी' नाम की लघु फिल्म के एक सीन में दादी कुमुद लाड बच्चों से कहती हैं कि डाक टिकट संग्रहण से हम स्वतंत्रता आंदोलन को जान सकते हैं। भारत की इमारतें, भारत के राष्ट्रपति, खेलों, धार्मिक त्योहारों, वन्य-वनस्पति, कला, संस्कृति, साहित्य, महापुरुषों, जनजीवन, भारत की वस्त्र परंपरा जैसी तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। सामान्य ज्ञान में वृद्धि भी कर सकते हैं।

### किसी खजाने से कम नहीं होगा

कुमुद लाड ने बताया कि स्कूल के छठवीं से नौवीं कक्षा तक के बच्चे फिलाटेली ब्यूरो के सदस्य बनकर अपना एक अलग क्लब बना सकते हैं। इसमें प्रत्येक सदस्य एक-एक एलबम लेकर उसमें डाक टिकट संग्रहण शुरू करे। एक विशेष नोटबुक में संग्रहित एक-एक डाक टिकट की विस्तृत जानकारी लिखते चले। कुछ ही समय में डाक टिकटों का यह संग्रहण ज्ञान के किसी खजाने से कम नहीं होगा। फिल्म में लाड बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए बताती हैं कि स्थानीय मुख्य डाकघर में फिलाटेली ब्यूरो में महज 200 रुपए के साथ फार्म भरकर जमा करने मात्र से फलिाटेली ब्यूरो के सदस्य बन सकते हैं।

## धर्म लाइव

# वर-वधु खोजने पत्रिका का विमोचन खर्चीली शादियों पर रोक लगाने की चर्चा




**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा वार्षिक आमसभा और ब्रह्म प्रकाश पत्रिका के 12वें अंक का विमोचन समाजिक भवन स्वामी विवेकानंद हॉल, स्मृति नगर में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समाज को दिखावे व खर्चीली शादियों को रोकने और निर्धन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में आर्थिक सहयोग करने पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में देश के वीर जवानों द्वारा पाकिस्तान के आंतकवादियों से डट कर मुकाबला करते हुए पाकिस्तान को उसकी औकात बताने देश के वीर जवानों को मंच से सैल्यूट करते हुए सेना के जवानों को को ही देश का रियल हीरो बताया। इस अवसर पर समाजिक सदस्यों ने प्रभु राम पर सुंदर मार्मिक गीत-संगीत की प्रस्तुति। सुनील मिश्रा ने प्रभु राम पर गीत और शंकर चरण पांडे ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर समां बांधे रखा।वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अंचल के कथाकार डॉ विजय दुबे और सरयूपारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी और प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला और उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान ब्रह्म देव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, शंख ध्वनि के साथ पूजा और मंत्रोंच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई।

### समाज के बच्चों को किया प्रोत्साहित


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि समाज की गतिविधियां लगातार बढ़ रही है। समाज हित में सभी कार्य किए जा रहे हैं। समाज की बच्चियां भी बहुत आगे बढ़ रही हैं। शक्ति दुबे ने यूपीएससी में प्रथम स्थान लाकर कर ब्राह्मण समाज का नाम रौशन किया है। अधिकांश बच्चे इस बार भी मेहनत कर टॉप पोजीशन में आए हैं उन सभी को समाज की तरफ से शुभकामनाएं दी। महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश समाज के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी। जिसमें लेख के साथ शादी योग्य युवक-युवतियों की जानकारी भी दी गई है ताकि योग्य लोगों को सही जानकारी प्राप्त हो सके और इसका लाभ सभी को मिल सके।

राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस आज, एक्सपर्ट बोले- विलुप्त होने की कगार पर कई पशु-पक्षी..

# राजकीय पशु वनभैंसा और बाघ जंगल से हो रहे विलुप्त पशु-पक्षियों को बचाने रहवास-भोजन को करें सुरक्षित

'वन्यजीवों और पक्षियों की तेजी से कम होती प्रजातियों के चलते वन्यजीव एवं पक्षी प्रेमी भी इनके संरक्षण को जरूरी बता रहे हैं। इसके लिए उनके रहवास, भोजन, वातावरण के साथ बचाव के लिए भी कारगर पहल करने से लुप्तप्राय प्रजातियों को बचा सकते हैं। अब राजकीय पशु वनभैंसा, बाघ, तेंदुआ, भालू, भेड़िया तथा नर हाथी भी जंगल में कम बचे हैं। हरियाली के बीच पेड़ों की 45 प्रजातियां विलुप्त होने की स्थिति में हैं।'

**रायपुर।** देश-दुनिया में किसी दिन विशेष पर ही किसी प्रजाति के संरक्षण को लेकर चिंता जताई जाती है। अगर वन्यजीवों, पौधों और पक्षियों को भी मानव की तरह तवज्जो मिले तो जंगल ही नहीं, मानव मित्र कहलाने वाले गौरैय्या, कौवा, सारस और ड्रोगो जैसे पक्षी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से भी विलुप्तप्राय स्थिति में हैं। इन्हें बचाने के लिए जिस स्तर पर काम होना चाहिए, उस पर अमल नहीं किए जाने से ऐसे हालात बन रहे हैं। जब हम अपने मित्र पक्षियों को भी घरौंदों में वापस जाने में फेल हैं। कहना है वन्यजीव एवं पक्षी प्रेमी नितिन सिंघवी और मोहित साहू का। बतौर एक्सपर्ट उन्होंने बताया कि मानव मित्रों की श्रेणी में जिन पक्षियों की गिनती पहले होती थी, अब वे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से विलुप्त होने लगे हैं।






### वन्यजीवों और पक्षियों को बचाने पहल

- नंदनवन जंगल सफारी नया रायपुर में इसे राज्य के लुप्तप्राय जानवरों में विशेष रूप से जंगली भैंसों के प्रजनन और संरक्षण में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।
- बस्तर की पहाड़ी मैना को विलुप्त होने से बचाने के लिए घोंसलों की सुरक्षा और पेड़ लगाने जैसे प्रयास किए जा रहे हैं, इसमें लोग भी भागीदारी निभाएं और उन्हें दुर्घटना से बचाएं तो बेहतर हो सकता है।
- अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघ और तेंदुए के संरक्षण के लिए विशेष परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके लिए वातावरण के लिहाज से भी बेहतर काम किया जा रहा है, इससे स्थिति सुधर सकती है।
- छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले अन्य लुप्तप्राय जानवरों जैसे कि गिद्ध, ऊदबिलाव और कुछ पौधों को भी संरक्षण देने की जरूरत है, क्योंकि जीवों को बचाने के लिए पर्यावरण को बचाना ज्यादा जरूरी है।



### सात वन्यजीव विलुप्ति की कगार पर

राजकीय पशु वनभैंसा और बाघ सहित शेड्यूल वन में जंगली कुत्ता, नर हाथी, भेड़िया, तेंदुआ, भालू प्रमुख हैं। राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना भी विलुप्त होने की कगार पर है। इनकी संख्या बढ़ाने शासन-प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इनकी हालत अति संकटग्रस्त स्थिति में पहुंच गई है। साथ ही प्रदेश में 50 प्रकार के पक्षी और 45 प्रकार के पेड़ों के गायब होने का संकट खड़ा हो गया है। शासन-प्रशासन ने समय रहते इन्हें बचाने के लिए कारगर प्रयास नहीं किया तो स्थिति ज्यादा बिगड़ सकती है।



### 39 प्रकार के पक्षी होने लगे हैं विलुप्त

अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) द्वारा जारी रेड लिस्ट में छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले 39 प्रकार के पक्षियों का अस्तित्व खतरे में है। जिसमें गंभीर संकटग्रस्त में स्टेपल इगल, सिनोरियस वल्चर, लगर फॉल्कन, पैलिड हेरियर, ब्लैक बैलिड टर्न, ग्रेटर फिक्नी, रूफस बैलिड ईगल, इंडियन स्कीमर को भी शामिल किया गया है। वहीं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदेश में मोर, पहाड़ी मैना संकटग्रस्त स्थिति में हैं। साथ ही प्रदेश में कुल 45 प्रकार के पेड़-पौधे हैं, जो खत्म होने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिसमें पसरा, सफेद मूसली, पेन, रसाउत जैसे पेड़-पौधे शामिल हैं।

# गर्मी और ह्यूमिडिटी से राहत पाने होम कूलिंग के लिए तरह-तरह के जतन

**रायपुर।** अगले सप्ताह से नवतपा शुरू होने जा रहा है, ऐसे में मई, जून की तपिश और जुलाई महीने की उमस भरी गर्मी से राहत पाने लोग तरह-तरह के जतन में लगे हुए हैं। ऐसे में घर का ट्रेंप्रेचर कंट्रोल रखने कोई इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप पर तो कोई प्लांटेशन के लिए आउट-इंडोर मनी प्लांट्स लेने नर्सरी पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि शहर का तापमान लगातार 40 से 42 डिग्री पार जा रहा है। इस हालात में हर कोई चाहता है कि ऐसी गर्मी से उन्हें ऑफिस और घर पर राहत मिले। इसके लिए लोग अपने बजट के अनुसार घर, दफ्तर को गर्मी व ह्यूमिडिटी से बचाने खासकर कूलिंग सिस्टम लगा रहे हैं, ताकि उन्हें ठंडक के अहसास वाला अनुकूल वातावरण मिल सके। आज के आधुनिक दौर में घरों में ठंडी हवा व कूल टेंप्रेचर के लिए पहली प्राथमिकता में एसी-कूलर, सिलिंग पंखे पहली पसंद हो गए हैं। ऐसे में गर्मी के सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स कूलिंग उपकरणों की आम-खास में डिमांड, बजट और उनके नई टेक्नोलॉजी कौन-सी आई है, जानने शहर के एमजी रोड, संतोषीनगर-बोरियाखुर्द रोड, संजय नगर, न्यू राजेंद्रनगर, सिटी कोतवाली रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप पर पहुंच रहे। जहां इलेट्रॉनिक्स शॉप के संचालकों ने बताया कि नई टेक्नोलॉजी वाले एसी, कूलर की हैवी से हैवी व सस्ती से सस्ती रेंज उपलब्ध है।



### बालकनी, हॉल में ग्रीन प्लांटेशन

एसी-कूलर की इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया के साथ-साथ प्राकृतिक तौर पर घर की छत, बालकनी, हॉल, बेडरूम को ठंडा रखने इनडोर, आउटडोर ग्रीन मनी प्लांट्स को शामिल कर रहे हैं। इसके लिए लोग नर्सरी का रूख कर रहे हैं। गौरतलब है कि गर्मी में हरे-भरे होम डेकोर नजर में आएं तो आंखों को ठंडक मिलती है, ऐसे में गर्मी का अहसास कम हो जाता है।

### रूम को कूल रखने वाली एलईडी लाइट्स

इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप पर घरों के टेंप्रेचर को कम रखने वाली कूलिंग एलईडी लाइट्स भी खूब डिमांड में है। इंद्रधनुषी रंगों के प्रकार की ये कूलिंग एलईडी लाइट्स घरों के तापमान को बढ़ाती नहीं है, बल्कि आंखों को ठंडक और घर को पर्याप्त रोशन देती है। इस तरह से लोग घरों में कूलिंग होम डेकोर के सभी उपाय कर रहे हैं।



### *ग्रीन एनर्जी वाले एसी-कूलर से होगा टेंप्रेचर डाउन*

*कम कार्बन उत्सर्जित करने व जीरो बिजली पर ग्रीन एनर्जी टेक्नोलाजी से चलने वाले एसी की नई रेंज आई है। इसकी कीमत पहले वाले एसी से 20 प्रतिशत तक कम है। वहीं यूनिवर्सल कूलर आया है, जो 3 हजार से 15 हजार रुपए तक की कीमत पर उपलब्ध है। फाइवर बॉडी से बने कम जगह घेरने वाले 100 से 120 लीटर पानी क्षमता वाले यूनिवर्सल कूलर में योद्धा, एरोकिंग, ग्रीनकिंग नया मॉडल है। वहीं डिजाइनर कम धूल खींचने वाले, जीरो बिजली लेने वाले और ठंडी हवा देने वाले सिलिंग फैन भी शॉप में उपलब्ध हैं, जिनकी मांग सबसे ज्यादा है।*

# वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाया रेलवे स्टेशन, गूंज उठे देशभक्ति गीत



**रायपुर।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देशभर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर रायपुर स्टेशन पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में लबरेज रेलवे परिसर देशभक्ति गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से भर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया।


भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम को किया सलाम

### सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं

भारतीय रेल की इस पहल ने न केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरवगाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वह गौरवगाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# हजरत सैय्यद चांद शाह वली के उर्स का मनेगा जश्न, कमेटी ने की तैयारी

**रायपुर।** हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नलघर चौक छोटापारा में बाबा के सालाना उर्स पाक की तैयारी कमेटी ने पूरी कर ली है। हर साल की तरह बड़ी शानो-शौकत से सालाना उर्स 16 से 18 मई तक मनाया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले उर्स को लेकर उर्स कमेटी ने तैयारियां की हैं। दरगाह के खादिम शेख रहीम, शेख शमीम और निजाम ने बताया कि 16 मई जुमा बाद नमाज जोहर शाही संदल चादर निकाली जाएगी। जो शहर की गश्त करने के बाद वापस में मजार पहुंचेगी। जहां असर की नमाज के बाद चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ खैर के बाद तबर्रुक तकसीम किया जाएगा।



### दरबारी कव्वाल पेश करेंगे अपने कलाम

इसी दिन रात को ईशा की नमाज के बाद उलमाओं की तकरीर होगी। 17 को मगरीब की नमाज के बाद दरबारी कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। इसी तरह 18 मई को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की फातेहा होगी। इसके बाद आम लंगर का इंतजाम किया जाएगा। उर्स पाक के दौरान तकरीर और नात शरीफ के प्रोग्राम होंगे। खादिमे आस्ताना और अराकीने उर्स कमेटी ने जायरीनों से उर्स पाक में शामिल होने अपील की है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एलआईसी की मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शशांक-कविता बने विजेता



**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल, रायपुर में किया गया । जिसमें पुरुष वर्ग में शाखा कार्यालय रायपुर-3 के शशांक शेखर शर्मा विजेता बने एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की कविता दीक्षित प्रथम स्थान पर रही । प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक (डीटीसी) केके मूर्ति थे। मंच पर रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन सह सचिव गजेंद्र पटेल, सेलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज एवं मुख्य निर्णायक रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनुराग दीक्षित उपस्थित थे । पुरुष वर्ग के फायनल में शाखा कार्यालय रायपुर-3 के शशांक शेखर शर्मा एसओ बेमेतरा, दुर्ग के विशाल लुगुन को 2-0 से हराकर विजेता बने । प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम शशांक शेखर शर्मा ( रायपुर-3), द्वितीय - विशाल लुगुन ( एसओ बेमेतरा, दुर्ग), तृतीय - अभिजीत घोष (जगदलपुर) । महिला वर्ग में प्रथम कविता दीक्षित (मंडल कार्यालय रायपुर) रहीं। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर चयनित खिलाड़ी एवं मध्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिये सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी महिला वर्ग में शौर्या यदु (शाखा कार्यालय रायपुर-3) का चयन आगामी ग्वालियर में प्रस्तावित ₹मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है। जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मप्र एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता एवं सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे । मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस अवसर पर एस पी चंद्राकर, विजय तिरपुडे, अगेश्वर साहू, सुभाष साहू, ललित वर्मा एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी ।

### रायपुर ब्लू को 42 रनों से हराकर बिलासपुर की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर अपना दूसरा मैच दल्ली राजहरा में रायपुर ब्लू के मध्य खेला गया।जिसमें रायपुर ने तीसरे दिन का खेल खत्म होते तक 7 विकेट में 102 रन बना लिए थे। कल रायपुर टीम अंतिम दिन बल्लेबाजी करते हुए 51.4 ओवर में 135 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें सिद्धांत गोयल ने 42 रन, आदित्य चौहान ने 17 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य ब्याद्वल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किए।

इस तरह बिलासपुर ने रायपुर ब्लू को 42 रनों से हराते हुए जीत दर्ज कर 6 अंक प्राप्त करने में सफल हुई। मैच के निर्णायक महेश वर्मा और अशोक रिग्री है। ऑब्जर्वर कमल घोष और स्कोरर महेंद्र साहू थे। बिलासपुर टीम के कोच सैयद जावेद अली और मोईन मिर्जा है। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 16 पदक



**रायपुर।** 13 मई को 12 वीं राज्य स्तरीय कैडेट-जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता कोरबा में सम्पन हुई। टीम हियाल मार्शल आर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलग अलग भार वर्ग आयु वर्ग में 7 स्वर्ण 7 रजत 2 कांस्य सहित कुल 16 पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमे 7 खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुए। स्वर्ण पदक भावना साहू,अर्चना दिप, प्रज्ञा राणा,मंजू साहू , नित्यम कुमार साहू , केतन राणा, सदानंद प्रशाद भंजदेव रजत पदक भूपेश दिप,बिद्या दिप ,कुशाग्र कुमार साहू ,रणवीर कुँवर ,हर्ष बाग ,आयुष साहू, चैतन्य साई सोना कांस्य पदक एशिनी वर्मा, सभ्यता सिंह कंवर,ऑफिशियल-रेफरी में अन्नू देवी कंवर, दामिनी ध्रुव और उधम बघेल है।

● फैट को लेकर मिथक चलन में, हकीकत को जरूर जानें

# ट्रांस फैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा हेल्थ रिस्क के साथ जानें बचने के तरीके

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है। फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है, हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा और स्किन के लिए महत्वपूर्ण है। बताना चाहूंगा कि फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है।

लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांस फैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है।



### ट्रांस फैट क्या है

खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं और इन जानवरों से बने खाद्य पदार्थों (जैसे, दूध और मांस उत्पादों) में इन फैट की मात्रा आ जाती है। वहीं आर्टिफिशिअल या कृत्रिम ट्रांस फैट (या ट्रांस फैटी एसिड) एक इंडस्ट्रियल प्रोसेस से बनाए जाते हैं, जो लिक्विड वनस्पति तेलों को रूम तापमान पर ठोस बनाने के लिए हाइड्रोजनीकरण विधि से बनाया जाता है और उन्हें रासायनिक रूप से बदल दिया जाता है। यह उन्हें लंबे समय तक सेल्फ लाइफ देता है।



आपकी रोजाना ली जाने वाली कैलोरी का 1 प्रतिशत से अधिक ट्रांस फैट का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि अगर कोई 2000 कैलोरी का सेवन कर रहा है, तो 20 कैलोरी से अधिक ट्रांस फैट से नहीं जाना चाहिए।

प्रोसेस फूड के ट्रांस फैट के लिए प्राइमरी डाइट्री सोर्स 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' है। नवंबर 2013 में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक ऑर्डर निकाला था कि आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल को आम तौर पर मानव भोजन में प्रयोग होने के लिए सुरक्षित होने के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट के इस्तेमाल को कम करने के लिए कुछ नियम जारी किए थे। नियम के मुताबिक, प्राधिकरण ट्रांस फैट की मात्रा को 2021 तक 3 प्रतिशत और 2022 तक 2 प्रतिशत तक करने के लिए नियम ला चुका है।



वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2022 तक दुनिया को ट्रांस फैट से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। 2003 में नॉर्वे ने फूड में ट्रांस फैट की मात्रा को पूरी तरह से बैन कर दिया था।

### ट्रांस फैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

# ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो जाएं सावधान, फ्रॉड से बचें



आज के समय में सही जीवनसाथी ढूंढ पाना काफी मुश्किलभरा काम हो चुका है। ऐसे में मेट्रिमोनियल साइट्स आपको परफेक्ट मैच का ऑप्शन दे रही हैं, लेकिन कई बार स्कैमर्स इन वेबासाइट्स पर फेक अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी भी करते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है।

जहां पहले जमाने में रिश्तेदार या परिचित शादियां तय किया करते थे, वहीं आज के दौर में शादी के लिए जीवनसाथी ढूंढने का तरीका काफी बदल गया है। आज के डिजिटल दौर में, लोग अब मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए परफेक्ट मैच ढूंढ रहे हैं। ये साइट्स न केवल आपका समय बचाती हैं, बल्कि आपको देश-विदेश में रहने वाले संभावित पार्टनर्स से कॉन्टैक्ट करने का मौका भी देती हैं।

हालांकि, ये वेबसाइट्स जितनी सुविधाजनक हैं, उतनी ही इनके जरिए धोखाधड़ी भी होती है। आपने कई बार सुना होगा कि महिला को उसके परफेक्ट मैच ने लाखों का चूना लगाया या किसी इंसान को तब झटका लगा जब उसे पता चला कि उसका मंगेतर पहले से शादीशुदा है। कई ऐसे मामले सामने आते रहते हैं और इससे बचने के लिए आपको केवल सतर्क नहीं रहना होगा, बल्कि आपको कुछ तरीकों को अपनाकर खुद को फ्रॉड से बचाना होगा।



जब भी आप किसी मेट्रिमोनियल वेबसाइट पर पार्टनर की तलाश करें, तो कोशिश करें कि ऐसी साइट को सेलेक्ट करें, जो आपको प्रोफाइल वेरिफिकेशन की सुविधा देती हो। वेरिफाइड प्रोफाइल का मतलब होता है कि उस इंसान की पहचान और जानकारी को पूरी तरह से जांचा गया है और वह असली है। अगर किसी की प्रोफाइल में जानकारी बहुत कम हो, फोटो या डिटेल्स काफी ज्यादा परफेक्ट लगे, तो सतर्क हो जाएं। अक्सर ऐसी प्रोफाइल्स नकली या फ्रॉड हो सकती हैं।

### अपनी पर्सनल इन्फॉर्मेशन किसी अनजान से शेयर न करें

जब आप किसी मेट्रिमोनियल साइट पर बात कर रही होती हैं, तो आपको शुरुआत में भरोसा नहीं करना चाहिए। अपने घर का एड्रेस, बैंक डिटेल्स,आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसी डिटेल्स किसी भी अनजान के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। कई बार स्कैमर्स आपकी इन जानकारियों का इस्तेमाल करके आपके साथ ठगी और आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। इसलिए, जब आप ऑनलाइन पार्टनर ढूंढ रही हों, तो सबसे पहले वेबसाइट या ऐप के मैसेंजिग सिस्टम का इस्तेमाल करें।

### पैसों की मांग करने वालों से सावधान

यदि आप किसी मेट्रिमोनियल साइट से जुड़ी हैं और वहां आपको कोई इंसान मिला है। वह कुछ दिन आपसे बात करने के बाद कुछ पैसों की रिक्वेस्ट करता है और मनगढंत कहानियां बनाकर आपको सुनाता है, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।

### परिवार और दोस्तों को साथ रखें

जब आप मेट्रिमोनियल साइट के जरिए किसी से बातचीत शुरू करें, तो उसकी जानकारी घरवालों और दोस्तों को जरूर दें। हर किसी का नजरिया दूसरे से अलग होता है । और कई बार लोग वो चीजें नोटिस कर लेते हैं, जिसे आपने इग्नोर किया होता है। हमेशा अपने संभावित पार्टनर को दोस्तों या परिजनों से मिलने के लिए बुलाएं और अगर सामने वाला टालने लगे, तो समझ जाएं कि गड़बड़ है।



# नीलम रत्न पहनने के दौरान भूलकर भी न करें ये गलतियां, हो सकता है नुकसान



हमारे यहां सभी रत्नों को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और सभी रत्नों का संबंध ग्रहों से है। अब ऐसे में अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इस दौरान किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

सभी जातकों के लिए रत्न अलग-अलग तरह से काम करते हैं। किसी जातक के लिए रत्न शुभ भी माने जाते हैं और अशुभ भी। इसलिए अगर आप रत्न पहनते हैं तो इस सही नियम के साथ-साथ सही विधि से पहनने की मान्यता है। सभी रत्न के स्वामी ग्रह भी अलग-अलग हैं। आपको बता दें, रत्न को पहनने से व्यक्ति के ऊपर स्वामी ग्रह की कृपा बरसती है। अब ऐसे में अगर कोई जातक नीलम रत्न पहन रहा है तो उसे किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### नीलम रत्न पहनने के दौरान इन नियमों का करें पालन

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इससे पहनने से पहले अपने ज्योतिषसे सलाह जरूर लें कि आपकी राशि के लिए कौन सा रत्न शुभ है। वहीं नीलम रत्न पहनने के दौरान उसे मध्यमा उंगली में पहनें। क्योकि नीलम रत्न का संबंध शनि ग्रह से है। अगर महिलाएं नीलम रत्न पहन रही हैं तो उसे मध्यमा उंगली में ही पहनें। अगर आप नीलम रत्न पहन रहे हैं तो इसे धारण करने के लिए शनिवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है। शनिवार के दिन आप ब्रह्म मुहूर्त से लेकर शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे के बीच धारण कर सकते हैं। नीलम रत्न पहनने से पहले उसे सही तरह से गंगाजल और दूध से शुद्धि कर लें। अगर कोई जातक नीलम रत्न पहन रहा है तो इस दौरान शनिदेव के मंत्रों का जाप विशेष रूप ले करें। आप 'ऊं शं शनैश्चराय नमः' का 108 बार जाप विधिवत रूप से कर सकते हैं। नीलम रत्न पहनने के बाद उसे बार-बार नहीं उतारना चाहिए। नीलम को माणिक्य , मोती और मूंगा के साथ नहीं पहनना चाहिए, क्योंकि ये शनि के शत्रु ग्रह माने जाते हैं। नीलम धारण करने वाले व्यक्ति को तामसिक भोजन और शराब से परहेज करना चाहिए। नीलम धारण करने वाले जातकों को नियमित रूप से शनि देव की पूजा करनी चाहिए।

### नीलम रत्न पहनने का महत्व

नीलम रत्न शनि ग्रह का कारक माना जाता है और इसके बुरे प्रभावों को कम करने के लिए इस रत्न को पहना जाता है। जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा चल रही हो, उन्हें नीलम पहनने से लाभ हो सकता है।

# इसलिए खाने से पहले पानी में भिगोकर रखने चाहिए आम

आपने अक्सर बड़े लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि आम को खाने से पहले 1-2 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों कहा जाता है और आम को भिगोकर खाने के पीछे क्या वजह है?

आम खाने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है, जिसकी वजह से थर्मोजेनिक का उत्पादन होता है। आम को थोड़ी देर पानी में सोक करने से इस गुण को कम करने में मदद मिलेगी। थर्मोजेनिक का उत्पादन बढ़ने से ये एक्ने, कब्ज, सिर दर्द जैसी परेशानियों का कारण बन सकता है। कई लोगों को आम खाने से पिंपल, एक्ने या फिर अन्य स्किन प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। इसके अलावा कब्ज, सिरदर्द या फिर पेट से जुड़ी अन्य शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ता है। ऐसे में पानी में इसे कुछ देर भिगोकर रखने से इसकी गर्म तासीर से छुटकारा मिल सकता है।



फाइटिक एसिड एक तरह का न्यूट्रिशन है, जो शरीर के लिए अच्छा और बुरा दोनों हो सकता है। इसे एक एंटी पोषक तत्व माना जाता है, जो शरीर को आयरन, जिंक, कैल्शियम और अन्य मिनरल्स को अवशोषित करने से रोकता है, जिसकी वजह से शरीर में मिनरल्स की कमी होने लगती है। आम में भी नेचुरल मॉलिक्यूल यानी फाइटिक एसिड होता है। फाइटिक एसिड बॉडी में हीट जेनरेट करता है, ऐसे में कुछ देर तक पानी में रखने से यह निकल जाता है।

इसके अलावा यह फैट बर्न करने में भी मदद कर सकता है। दरअसल, आम में फाइटोकेमिकल्स स्ट्रांग होते हैं, ऐसे में जब हम इसे पानी सोक होने के लिए रखते हैं, तो इसकी कॉन्सन्ट्रेशन कम हो जाती है और वे नेचुरल फैट बस्टर के रूप में कार्य करते हैं।

आम के पेड़-पौधों में हानिकारक पेस्टिसाइड और इंसेक्टिसाइड का इस्तेमाल किया जाता है। यह शरीर के लिए जहर के समान होता है और इसके सेवन से एलर्जी, स्किन इरिटेशन या फिर अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसे पानी में डुबोकर कुछ देर के लिए छोड़ दें और फिर खाएं

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER
Sunday Open
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### कान्स समारोह में मंच पर भावुक हुए नीरो, टैरेंटिनो ने किया माइक ड्रॉप



कान फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरूआत हो चुकी है। समारोह में रेड कार्पेट लुक से लेकर वर्ल्ड प्रीमियर और स्क्रीनिंग तक सिनेमा प्रेमियों के लिए बहुत कुछ है।

उद्घाटन समारोह में हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो को पाम डी'ओर से सम्मानित किया गया। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने उन्हें पुरस्कार दिया। इस दौरान रॉबर्ट डी नीरो भावुक हो गए। उन्होंने लियोनार्डो डिकैप्रियो को मंच पर गले लगाया। अवॉर्ड मिलने पर समारोह में मौजूद सभी लोगों ने रॉबर्ट डी नीरो के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत अमेरिकन एक्टर-डायरेक्टर क्वेंटिन टैरेंटिनो माइक ड्रॉप करते हुए किया। उन्होंने ऐसा करके सभी कौ चौंका दिया। एक्टर ने घोषणा करते हुए कहा कि कान आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है।

अमेरिकी मॉडल बेला हदीद ने फेसेटिवल में एक खूबसूरत ड्रेस में पहुंचीं। उन्होंने रेड कार्पेट पर वॉक करते हुए पोज दिए। इस दौरान उन्होंने सेंट लॉरेंट बाय एंथनी वैकारेलो की एक कस्टम ब्लैक ड्रेस पहनी थी।

समारोह के पहले दिन गायिका माइलिन फार्मर ने अपना नया गाना 'कन्फेशन' गाया। इस गाने को सिंगर ने अपने दोस्त, निर्देशक, अभिनेता और पटकथा लेखक डेविड लिंच को समर्पित किया। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

## टॉलीवुड

### विजय की 'किंगडम' के लिए फैंस को करना होगा इंतजार, अब जुलाई में होंगे दीदार



विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम, जो पहले 30 मई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, अब स्थगित हो गई है। निर्माताओं ने नई रिलीज तारीख 4 जुलाई, 2025 घोषित की है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर ड्रामा फिल्म हाल की घटनाओं के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने कहा, ₹हाल की अप्रत्याशित घटनाओं और देश के माहौल के कारण प्रचार करना मुश्किल हो गया। हम चाहते हैं कि किंगडम को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाए। हम आपके समर्थन की सराहना करते हैं और 4 जुलाई को सिनेमाघरों में आपसे मिलने की उम्मीद करते हैं।₹

फिल्म में विजय देरकोंडा के साथ मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। किंगडम का निर्माण सिथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज ने किया है। इस फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग, जून 2023 में शुरू हुई थी। इसकी शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, केरल और श्रीलंका में हुई हैं।

## भोजपुरी

### 'ससुराल गेंदा फूल' का सामने आया फर्स्ट लुक सफेद घोड़े पर दुल्हनिया बनीं ऋचा पर दर्शक लट्टू



भोजपुरी सिनेमा में 'ससुराल गेंदा फूल' नामक एक नई फिल्म आने वाली है। ए स आ र के म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड ने इसे बनाया है। फिल्म में ऋचा दीक्षित मुख्य भूमिका में हैं। वह घोड़ी पर चढ़कर ससुराल जाती हैं। फिल्म का निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। रितेश उपाध्याय और समर्थ चतुर्वेदी भी फिल्म में दिखेंगे।

भोजपुरी इंडस्ट्री में धमाल मचाने आ रही है एक नई मनोरंजक और पारिवारिक फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल', जिसका फर्स्ट लुक हाल ही में जारी किया गया है। SRK म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बनी इस फिल्म में दर्शकों को एक दमदार महिला प्रधान किरदार में अभिनेत्री ऋचा दीक्षित नजर आएंगी, जो घोड़ी चढ़ कर अपने ससुराल जाती हैं। पोस्टर में ऋचा की सजी-धजी दुल्हन के लुक ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

ऋचा दीक्षित ने फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह साझा करते हुए कहा, 'यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है। इसमें मेरा किरदार पारंपरिक सोच को तोड़ता है और एक नई मिसाल पेश करता है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी तय कर लिया था कि इस किरदार को जरूर निभाना है। एक दुल्हन का घोड़ी चढ़ कर ससुराल जाना समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है – कि अब लड़कियां भी आत्मनिर्भर, मजबूत और फैसले लेने वाली बन चुकी हैं।'

ऋचा ने आगे कहा, 'फिल्म पूरी तरह पारिवारिक, मनोरंजक और सामाजिक संदेश से भरपूर है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतना ही प्यार देंगे जितना हमने इसे बनाने में मेहनत की है। शूटिंग के दौरान पूरी टीम का साथ और माहौल बेहद अच्छा रहा। खास तौर पर निर्देशक संजय श्रीवास्तव जी और को-एक्टर्स ने हर सीन को जीवंत बनाने में अहम भूमिका निभाई।' एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के तले बनी इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के उभरते सितारे ऋतेश उपाध्याय और अनुभवी कलाकार समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवाल, सोनिया मिश्रा, पूजा ठाकुर, शिल्पी राघवानी जैसे नामचीन चेहरे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म को संजय श्रीवास्तव ने डायरेक्ट किया है, जबकि रोशन सिंह इसके निर्माता और शर्मिला आर. सिंह सह-निर्माता हैं।

## फैशन डिप्लोमैसी

लाइफ स्टाइल



नीदरलैंड की राजधानी हेग में इंडोनेशियाई वर्षगांठ राजनयिक स्वागत समारोह के दौरान मॉडल सुंबा बुनाई और टुटी चोलिड ने अपनी परंपरागत वेशभूषा बाटिक और जम्पुटन प्रदर्शित की। डिजाइनर डेनी विरावन और टुटी चोलिड का यह कलेक्शन ₹पर्सेबाहन अनक नेगेरी₹ नाम के इस फैशन शो में बेहद सराहा गया। यहां देश-विदेश के मेहमान मौजूद थे।

## कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे ये सोने के झुमके

गहने पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग तरह की ज्वेलरी खरीदकर स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारा लुक अच्छा नजर आता है। गोल्ड के झुमके भी पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आप इस तरह के झुमके को कानों में पहनकर लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के झुमके को पहनकर आप खूबसूरत नजर आ सकती हैं।



### गोल्ड के झुमके डिजाइन

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ पान की पत्ती का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ स्टोन मिलेगा। झुमकी में छोटी-छोटी लटकन का डिजाइन मिलेगा। इससे झुमके पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा।

### मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके

आप कुछ अलग डिजाइन को ट्राई करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ जो डिजाइन मिलेगा वो आपको मोर का मिलेगा। नीचे की तरफ आपको लटकन भी मोती के डिजाइन की मिलेगी। इससे झुमके आप किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### लेयर डिजाइन वाले झुमकी डिजाइन

आप अगर साड़ी के साथ गोल्ड के झुमके डिजाइन को सर्च कर रही हैं, तो ऐसे में आप लेयर डिजाइन वाली झुमकी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको उभरा हुआ डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आप थोड़े से घुंघरु डिजाइन को भी लगा सकती हैं। इससे आपकी झुमकी हैवी नजर आएगी। साथ ही, इसका गोल्ड कलर और अच्छा लगेगा।

### लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी

कानों में पहनने के लिए आप लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको ऊपर की तरफ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इसके बाद नीचे की तरफ लटकन और झुमकी मिलेगी। इसे आप सिंपल डिजाइन में खरीदें। इससे आपका इयररिंग्स डिजाइन अच्छा नजर आएगा। इस बार कानों में पहनने के लिए इन इयररिंग्स को ट्राई करें। इससे आपका लुक चेंज हो जाएगा। साथ ही, आपके झुमके में अलग तरह के डिजाइन भी मिल जाएंगे। जिसे आप किसी खास दिन के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

## न्यू को-ऑर्ड सेट्स आउटिंग के लिए हैं बेस्ट, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

फैशन





आउटिंग के दौरान अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

दोस्तों या फैमिली के साथ घूमने के दौरान महिलाएं ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं और इसके लिए इस तरह के आउटफिट स्टाइल करती हैं। जिसमें वो खूबसूरत नजर आए साथ ही, वो कंफर्टेबल भी रहे। ऑनलाइन प्लेटफार्म साथ ही, बाजार में आपको कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप आउटिंग के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप ये न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आएंगी।

### न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के दौरन स्टाइलिश और बेस्ट नजर आने के लिए हम आपको 3 तरह के को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आप आउटिंग के दौरान भीड़ से अलग नजर आने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के सबसे अलग और ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट लाइट कलर में है साथ ही, इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा और यह आपको 700 से 800 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ हील्स साथ ही, सिंपल इयररिंग्स स्टाइल कर सकती है।

### फ्लोरल को-ऑर्ड सेट

अगर आप बीच या कहीं ऐसी लोकेशन पर घूमने जा रही हैं जहां का मौसम सामान्य है तो, आप इस तरह के फ्लोरल को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं।

## वेडिंग सीजन में साड़ी-लहंगे सबके संग जचेंगे बन हेयर स्टाइल

कहा जाता है ऑउटफिट के बाद हेयर स्टाइल का स्टाइलिश होना बेहद जरूरी होता है। तभी जाकर हमारा लुक कंप्लीट होता है। हेयर स्टाइल स्मार्ट होने से हमारा लुक अलग ही निखर कर आता है। अधिकतर लोग ऑउटफिट का तो चयन आसानी से कर लेते हैं, लेकिन हेयर स्टाइल को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते हैं। यदि आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है, तो आपको कुछ सिंपल और क्लासी हेयर स्टाइल के बारे में सोचना चाहिए।



### डोनट फ्लावर बन हेयर स्टाइल

इस तरह की हेयर स्टाइल अक्सर अपने ब्राइड के लुक में जरूर देखी होगी। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आसानी से इसे बनवा या बना सकती हैं। अन्यथा आपको इसका थोड़ा लाइट नजर आएगा। इसको बाल मोड़कर राउंड शेप देकर पिन से टक किया जाता है। इसके बाद आप बन के अगल-बगल फ्लावर या गजरा लगा सकती हैं। यह हेयर स्टाइल साड़ी और लहंगे दोनों एक संग जंचती है।

### ट्विस्टेड लो बन हेयर स्टाइल

यह हेयर स्टाइल काफी स्मार्ट लुक देती हैं। हालांकि इसको बनाना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन बनने के बाद यह काफी सुंदर दिखती है। इस हेयर स्टाइल के फ्रंट में आप ब्रेड बनाकर ट्विस्ट भी कर सकती हैं। साथ में फ्रंट फ्लिक्स लुक भी दे सकती हैं। इस हेयर स्टाइल के बनने के बाद आप बीच में बीड्स भी लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल साड़ी पर काफी ब्यूटीफुल लुक देती हैं।

## छोटे कद की हैं तो वॉर्डरोब में शामिल करें इस तरह की हील्स, हाइट के साथ एलिगेंट लुक भी मिलेगा

हमारी वॉर्डरोब में कितने तरह-तरह के शूज और सैंडल्स होती हैं, जिन्हें हम लंबा दिखने के लिए पहनती हैं। लेकिन हर हील्स आपको कम्फर्ट, स्टाइल और एलिगेंस नहीं देती। सही तरह की हील्स चुनना भी बेहद जरूरी है, ताकि न सिर्फ हाइट लंबी लगे, बल्कि लुक भी ग्रेसफुल और ट्रेंडी दिखे। इस लेख में, मैं उन हील्स के बारे में बताने जा रही हूं, जो छोटे कद वाली महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर होनी चाहिए।



### किटन हील्स

अगर आप बहुत ऊंची हील्स पहनने में सहज नहीं हैं, तो किटन हील्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। इनकी हील्स छोटी होती हैं। मगर यह काफी स्टाइलिश होती हैं और इससे हाइट में डिसेंट लेवल तक लंबी लगती है। किटन हील्स को लंबे समय तक पहनने पर भी थकावट महसूस नहीं होती। यह ऑफिस वियर, पार्टी लुक और ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ बहुत अच्छी लगती हैं। एक न्यूड या ब्लैक कलर की किटन हील्स हर आउटफिट के साथ मैच हो सकती है।

### प्लैटफॉर्म हील्स

कुछ महिलाएं वेज हील्स और प्लैटफॉर्म हील्स में कन्फ्यूज होती हैं। इनका निचला हिस्सा एक समान होता है। प्लैटफॉर्म हील्स एक बार फिर फैशन में ट्रेंड कर रही हैं। ये हील्स न केवल हाइट में इजाफा करती हैं, बल्कि स्टाइल में भी एलीगेंस और क्वर्कीनेस दोनों लेकर आती हैं।

कार्नर न्यूज

## इन गलतियों का भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

# स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो ये आर्टिकल आपके लिए ही लिखा गया है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय




नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें। आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं।

इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली।

शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।



### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।